▪ वैशाख कृष्णा - 14 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 279 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » मंगलवार » 07-05-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 कांग्रेस ने आदिवासियों को वोट बैंक समझा : अर्जुन मुंडा
6 राधिका खेड़ा का अपमान और कांग्रेस की राम विरोधी राजनीति
7 सुनीता विलियस तीसरी बार अंतरिक्ष की यात्रा करने को तैयार

## फर्स्ट टेक

### भारतीय तटरक्षकों ने केरल के निकट ईरानी नौका जब्त की

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** भारतीय तटरक्षकों ने केरल में बेपोर के निकट समुद्री क्षेत्र में मछली पकड़ने वाली ईरान की एक नौका जब्त कर उस पर सवार भारतीय चालक दल के छह सदस्यों को हिरासत में लिया है। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि तटरक्षक पोत और विमानों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस नौका की घेराबंदी कर इसे पकड़ा। भारतीय तटरक्षकों ने रविवार को इस नौका को जब्त करने के बाद इसकी तलाशी ली जिससे यह पता लगाया जा सके कि इस नौका के जरिये किसी तरह की देश विरोधी गतिविधि को तो अंजाम नहीं दिया जा रहा था। आरंभिक जांच में पता चला कि नौका का मालिक ईरान का है और उसने तमिलनाडु से कुछ भारतीय मछुआरों को मछली पकड़ने के लिए ठेके पर रखा था। उसने इन सभी को ईरान का वीजा भी दिलाया था।

### जर्मनी ने रूस से हफ्ते भर के लिए अपना राजदूत वापस बुलाया

**बर्लिन/एपी।** जर्मनी ने सोमवार को कहा कि वह देश के चांसलर ओलाफ शोल्ज की पार्टी पर हुए कथित साइबर हमले के बाद रूस में अपने राजदूत को सलाह मशविरे के वास्ते एक हफ्ते के लिए बर्लिन बुला रहा है। जर्मनी ने पिछले हफ्ते रूस के सैन्य एजेंट पर शोल्ज की सोशल डेमोक्रेट्स पार्टी एवं अन्य संवेदनशील सरकारी औद्योगिक इकाइयों पर साइबर हमला करने का आरोप लगाया था। जर्मनी यह चेतावनी देने में नाटो और अन्य यूरोपीय देशों के साथ शामिल हो गया है कि रूस को साइबर जासूसी के परिणाम भुगतने होंगे।

### रूस ने परमाणु हथियारों के साथ सैन्य अभ्यास की घोषणा की

**मॉस्को/एपी।** रूस ने परमाणु हथियारों के साथ सैन्य अभ्यास की योजना बनायी है। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यह घोषणा की। रूस का यह कदम ऐसे समय सामने आया है, जब कुछ दिन पहले ही पश्चिमी देशों ने यूक्रेन के साथ युद्ध को लेकर मॉस्को के खिलाफ टिप्पणियां की थीं। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह अभ्यास ''रूस के संबंध में कुछ पश्चिमी देशों के अधिकारियों के भड़काऊ बयानों और धमकियों'' के जवाब में है। यह पहली बार है कि रूस ने सार्वजनिक रूप से परमाणु हथियारों से जुड़े अभ्यास की घोषणा की है। हालांकि, इसका सामरिक परमाणु बल नियमित रूप से अभ्यास करता रहता है। यह घोषणा यूक्रेन के पश्चिमी सहयोगियों के लिए एक चेतावनी प्रतीत होती है, जो दो साल से अधिक समय से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर लगातार गंभीर चिंता जता रहे हैं।

| सूर्यास्त 07-05-2024 | सूर्योदय 08-05-2024 |
|---|---|
| 5:56 बजे | 6:36 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 73,895.54 | 22,442.70 |
| (+17.39) | (-33.15) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 7,363 रु. | 82,429 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

**मिशन मंडेला**
**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### आत्म प्रवंची

निज दल के नेता ही ज्ञानी,
बाकी सारे ढोर हैं।
हम ही हैं आनंद प्रदाता,
बाकी सारे बोर हैं।
राष्ट्र भक्त ईमानदार हम,
अन्य कमीशनखोर हैं।
हर दल का ये ही इक मत है,
दूजे सब दल चोर हैं।।



## झारखंड के मंत्री के सचिव के घरेलू सहायक पर इडी की कार्यवाही, 34.23 करोड़ जब्त

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रांची/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम के सचिव से कथित रूप से जुड़े एक घरेलू सहायक के परिसरों की तलाशी के दौरान 34.23 करोड़ रुपए की बेहिसाबी नकदी बरामद करने का दावा किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने कुछ अन्य परिसरों की तलाशी में अलग से करीब तीन करोड़ रुपए नकद बरामद किए।

सूत्रों द्वारा साझा किए गए वीडियो और तस्वीरों में एजेंसी के अधिकारी यहां गाड़ीखाना चौक पर एक इमारत में स्थित एक कमरे में बड़े बैग से नोटों की गड्डियां निकालते हुए दिखते हैं।

इस दौरान केंद्रीय बलों के कुछ सुरक्षाकर्मी भी दिखाई देते हैं। जिस स्थान से नकदी बरामद की गई है, वहां कथित तौर पर झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलम के निजी सचिव संजीव लाल का एक घरेलू सहायक रहता है।

आलम ने संपर्क किए जाने पर 'पीटीआई-भाषा' से कहा, मुझे अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा, मैं टीवी देख रहा हूं और इसमें बताया जा रहा है कि यह परिसर सरकार द्वारा मुझे मुहैया कराए गए आधिकारिक पीएस (निजी सचिव) से संबंधित है।

ईडी के सूत्रों ने कहा कि नकदी गिनने के लिए नोट गिनने वाली आठ मशीन लगाई गई हैं, ताकि बरामद की गई रकम का पता लगाया जा सके। सूत्रों ने कहा कि बरामद की गई नकदी में मुख्य रूप से 500 रुपए के नोट हैं और कुछ आभूषण भी बरामद किए गए हैं।



## लूटे गए भ्रष्टाचार के धन को लोगों को लौटाने पर कानूनी सलाह ले रहा हूं: मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**राजमहेंद्रवरम (आंध्र प्रदेश)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि वह इस बारे में कानूनी सलाह ले रहे हैं कि भ्रष्टाचार के जरिए 'लूटे' गए पैसों को गरीबों को कैसे लौटाया जाए? झारखंड के एक मंत्री के सचिव से कथित तौर पर जुड़े घरेलू नौकर से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा 'नकदी का ढेर' जब्त किए जाने का जिक्र करते हुए मोदी ने हैरानी जताई कि ऐसे लोग 'कांग्रेस के प्रथम परिवार' के करीबी क्यों हैं? उन्होंने कहा, इन्होंने कार्यकर्ताओं के घर को भ्रष्टाचार का गोदाम बना दिया है। यह पहली बार नहीं है, इससे पहले भी (झारखंड में) एक सांसद के यहां से बड़ी जब्ती की गई थी और यह इतना ज्यादा थी कि मशीनें भी गिनती करते-करते थक गई थीं।

प्रधानमंत्री यहां वेमागिरी में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) नेता नारा लोकेश और जन सेना प्रमुख पवन कल्याण ने भी इस रैली में हिस्सा लिया। मोदी ने कहा, ऐसा क्यों है कि जिन लोगों से नकदी का ढेर बरामद किया गया है, वे कांग्रेस के प्रथम परिवार के करीब हैं? क्या जब्त नकदी कहीं आपूर्ति के लिए थी, क्या कांग्रेस के प्रथम परिवार ने काले धन के गोदाम बनाए हैं? देश कांग्रेस के शहजादे से जानना चाहता है।

मोदी ने आरोप लगाया कि जब भी वह उनका काला धन पकड़ते हैं तो कांग्रेस और 'इंडि' गठबंधन के लोग उन्हें गाली देती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हालांकि, वह गालियों को लेकर कभी चिंतित नहीं हुए, लेकिन उन गरीबों को लेकर जरूर चिंतित हुए 'जिनके पैसे इन भ्रष्टाचारियों ने लूट लिए हैं'। उन्होंने कहा, मोदी कानूनी सलाह ले रहा है।

## कांग्रेस राम विरोधी : नड्डा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हैदराबाद/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोमवार को कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि देश का सबसे पुराना राजनीतिक दल ''सनातन विरोधी'' और ''राम विरोधी'' है तथा वह राष्ट्र विरोधी ताकतों से हाथ मिलाता है। नड्डा ने तेलंगाना के पेद्दापल्ली में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी का भाजपा पर आरक्षण खत्म करने का आरोप लगाना उस मुहावरे की तरह है कि सूप बोले तो बोले, चलनी भी बोले जिसमें 72 छेद।

नड्डा ने दो दिन पहले पुंछ में हुए आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा कि पंजाब के एक पूर्व मुख्यमंत्री (चरणजीत सिंह चन्नी) ने इसे एक स्टंट कहा था।

नड्डा ने कहा, ''कांग्रेस के ऐसे राष्ट्र-विरोधी नेता देश को इस तरह गुमराह करते हैं।'' उन्होंने कहा कि जब बालाकोट में हवाई हमले किए गए, तो कांग्रेस नेताओं ने बेशर्मी से इसका सबूत मांगा था। उन्होंने दावा किया कि जब दिल्ली में 2008 में बाटला हाउस में मुठभेड़ हुई और आतंकवादियों का सफाया हुआ, तो कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहा कि सोनिया गांधी 'फूट-फूटकर रोईं' थीं। भाजपा अध्यक्ष ने सलमान खुर्शीद की भतीजी और समाजवादी पार्टी की नेता मारिया आलम की हालिया टिप्पणियों के परोक्ष संदर्भ में पूछा कि क्या ऐसे लोगों को नेतृत्व करने की अनुमति दी जा सकती है।

मारिया आलम ने विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के उम्मीदवार के पक्ष में 'वोट जिहाद' की अपील की थी।

## विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी युवा : राष्ट्रपति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश)/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को युवाओं के बीच सीखने की जिज्ञासा और इच्छा को मजबूत करने पर जोर दिया ताकि वे चौथी औद्योगिक क्रांति में हो रहे तेजी से बदलाव के साथ तालमेल बिठा सकें।

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति ने कहा कि युवाओं में विकास की अपार संभावनाएं हैं और वे विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने कहा, ''हमें छात्रों में सीखने की जिज्ञासा और इच्छा को मजबूत करना होगा ताकि उन्हें 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार किया जा सके क्योंकि आज हम चौथी औद्योगिक क्रांति के युग में हैं और कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग जैसे नए क्षेत्र तेजी से उभर रहे हैं।'' राष्ट्रपति ने कहा, ''परिवर्तन की गति और मात्रा दोनों ही बहुत अधिक हैं, जिसके कारण प्रौद्योगिकी और आवश्यक कौशल में बहुत तेजी से बदलाव हो रहा है।'' उन्होंने कहा कि 21वीं सदी की शुरुआत में कोई यह नहीं जानता था कि अगले 20 या 25 वर्षों में लोगों को किस प्रकार के कौशल की आवश्यकता होगी। इसी तरह, कई मौजूदा कौशल अब भविष्य में उपयोगी नहीं रहेंगे। इसलिए लगातार नए कौशल अपनाने होंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब छात्र बिना किसी तनाव के स्वतंत्र रूप से सीखते हैं, तो उनकी रचनात्मकता और कल्पना को उड़ान मिलती है। ऐसे में वे शिक्षा को सिर्फ आजीविका का पर्याय नहीं मानते। बल्कि, वे नवाचार करते हैं, समस्याओं का समाधान ढूंढते हैं और जिज्ञासा के साथ सीखते हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि युवाओं में विकास की अपार संभावनाएं हैं। वे विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। इसलिए उन्हें स्वयं को राष्ट्र के प्रति समर्पित कर देना चाहिए। ऐसा न केवल उनका मानवीय, सामाजिक और नैतिक दायित्व है बल्कि एक नागरिक के रूप में उनका यह कर्तव्य भी है।

दिल्ली के उपराज्यपाल ने की

## केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

■ **उपराज्यपाल सक्सेना को शिकायत मिली थी कि केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप को कथित तौर पर देवेन्द्र पाल भुल्लर की रिहाई के लिए चरमपंथी खालिस्तानी समूहों से 1.6 करोड़ डॉलर की वित्तीय मदद मिली थी।**

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' से कथित तौर पर धन प्राप्त करने के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश की है। राजनिवास के सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

आम आदमी पार्टी (आप) की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

केंद्रीय गृह सचिव को लिखे पत्र में उपराज्यपाल सचिवालय ने कहा कि सक्सेना को शिकायत मिली थी कि केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप को कथित तौर पर देवेन्द्र पाल भुल्लर की रिहाई के लिए चरमपंथी खालिस्तानी समूहों से 1.6 करोड़ डॉलर की वित्तीय मदद मिली थी।

सक्सेना ने कहा, शिकायतकर्ता द्वारा दिए गए इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के फॉरेंसिक परीक्षण सहित जांच की आवश्यकता है।

पत्र में कहा गया है कि शिकायत एक मुख्यमंत्री के खिलाफ की गई है और एक प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन से प्राप्त राजनीतिक धन से संबंधित है।

### केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर आज विचार

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय मंगलवार को इस बात पर विचार करेगा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत दी जाए या नहीं। शीर्ष अदालत मंगलवार को आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर सुनवाई करेगी। केजरीवाल लोकसभा चुनाव के शेष चरणों के दौरान प्रचार कर पाएंगे या नहीं, यह कार्यवाही के नतीजे पर निर्भर करेगा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ पहले मामले के रूप में आम आदमी पार्टी नेता की याचिका पर सुनवाई करेगी।

## लोकसभा की 93 सीट के लिए मतदान आज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



■ **कुल 93 सीट के लिए 1300 उम्मीदवार मैदान में हैं जिनमें 120 महिलाएं हैं, जबकि पात्र मतदाताओं की संख्या 11 करोड़ से अधिक है।**

**नई दिल्ली/भाषा।** देश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत सात मई यानी मंगलवार को 11 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 93 सीट के लिए मतदान होगा।

तीसरे चरण में भाजपा का बहुत कुछ दांव पर होगा जिसने पिछले आम चुनाव में गुजरात, कर्नाटक, बिहार और मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों में स्थित इन निर्वाचन क्षेत्रों में से अधिकतर पर जीत हासिल की थी। कुल 93 सीट के लिए 1300 उम्मीदवार मैदान में हैं जिनमें 120 महिलाएं हैं, जबकि पात्र मतदाताओं की संख्या 11 करोड़ से अधिक है। इन सीट पर किस्मत आजमा रहे दिग्गज नेताओं में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह (गांधीनगर), ज्योतिरादित्य सिंधिया (गुना), मनसुख मांडविया (पोरबंदर), पुरुषोत्तम रूपाला (राजकोट), प्रह्लाद जोशी (धारवाड़) और एसपी सिंह बघेल (आगरा) शामिल हैं।

8.39 करोड़ महिलाओं सहित कम से कम 17.24 करोड़ लोग मतदान करने के लिए पात्र होंगे और 1.85 लाख मतदान केंद्रों पर 18.5 लाख कर्मी तैनात किये गये हैं। केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव (2 सीट) और मध्य प्रदेश की नौ सीट, जिनमें बैतूल भी शामिल है जहां चुनाव टाल दिया गया था, पर मंगलवार को मतदान होगा।

प्रधानमंत्री मोदी और शाह के आज रात गुजरात पहुंचने की उम्मीद है और दोनों नेता गांधीनगर लोकसभा सीट के तहत अहमदाबाद शहर के मतदान केंद्र पर अपना वोट डालेंगे।

पहले दो चरण में लोकसभा की 543 सीट में से 189 सीट पर मतदान हो चुका है। चौथे, पांचवें, छठे और सातवें चरण के चुनाव क्रमश: 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को होंगे। मतगणना चार जून को होगी।

इस चरण में जिन सीट पर चुनाव होगा उनमें गुजरात की 25, कर्नाटक की 14, महाराष्ट्र की 11, उत्तर प्रदेश की 10, मध्य प्रदेश की नौ, छत्तीसगढ़ की सात, बिहार की पांच, पश्चिम बंगाल और असम की चार-चार और गोवा की दो सीट शामिल हैं।

### बीआरएस नेता कविता की जमानत याचिकाएं खारिज कीं

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी घोटाले के संबंध में भ्रष्टाचार और धन शोधन के मामलों में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की जमानत याचिकाएं सोमवार को खारिज कर दीं। इन मामलों की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रहा है। सीबीआई और ईडी अदालत की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने याचिकाएं खारिज करते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया आरोपी के खिलाफ पर्याप्त सामग्री प्रतीत होती है। उन्होंने कहा, दलीलों, रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री और अभियुक्त के खिलाफ आरोपों की गंभीरता के मद्देनजर यह अदालत इस स्तर पर आवेदक को जमानत देने की इच्छुक नहीं है।

## बीएसएनएल अगस्त से देशभर में शुरू करेगी 4जी सेवाएं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल इस साल अगस्त से पूरी तरह से स्वदेशी प्रौद्योगिकी पर आधारित 4जी सेवाएं देशभर में शुरू कर देगी। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के अधिकारियों ने 4जी नेटवर्क पर 40-45 मेगाबिट प्रति सेकंड (एमबीपीएस) की अधिकतम गति दर्ज करने का दावा किया है। इसे पायलट या प्रायोगिक चरण के दौरान 700 मेगाहर्ट्ज के प्रीमियम स्पेक्ट्रम बैंड के साथ 2,100 मेगाहर्ट्ज बैंड में भी पेश किया गया है।

कंपनी ने सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और दूरसंचार अनुसंधान संगठन सी-डॉट के नेतृत्व वाले गठजोड़ द्वारा स्वदेशी स्तर पर विकसित प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करते हुए पंजाब में 4जी सेवाएं शुरू की हैं और वह लगभग आठ लाख ग्राहकों को अपने साथ जोड़ चुकी है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, सी-डॉट का बनाया हुआ 4जी कोर पंजाब में बीएसएनएल नेटवर्क में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। इसे पिछले साल जुलाई में स्थापित किया गया था। ऐसी जटिल प्रौद्योगिकी की सफलता साबित करने में 12 महीने लग जाते हैं लेकिन सी-डॉट कोर 10 महीने के भीतर ही स्थिर हो गया है।

इस अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से नाम सामने न आने की शर्त पर कहा, बीएसएनएल अगस्त में पूरे देश में आत्मनिर्भर 4जी प्रौद्योगिकी की पेशकश करेगा।

# नौ लोकसभा सीट पर सात को मतदान, शिवराज और सिंधिया सहित कई नेताओं की किस्मत का होगा फैसला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भोपाल/भाषा।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए मंगलवार को मध्य प्रदेश की नौ सीट पर मतदान होगा। यहां केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा दिग्विजय सिंह मैदान में हैं। इन नौ लोकसभा सीट– मुरैना, भिंड (अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित), ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल, राजगढ़ और बैतूल (अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित) से चुनाव लड़ रहे 127 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला 1.77 करोड़ से अधिक मतदाता करेंगे।

एक अधिकारी ने बताया कि तीसरे चरण के लिए 20,456 केंद्र पर सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा, जिनमें 1,043 केंद्रों का प्रबंधन पूरी तरह से महिलाओं द्वारा किया जाएगा।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 1,77,52,583 पात्र मतदाता हैं, जिनमें 92,68,987 पुरुष, 84,83,105 महिलाएं और 491 ट्रांसजेंडर हैं।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने गृह क्षेत्र गुना को फिर से हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। वर्ष 2019 के चुनाव में वह इस सीट से चुनाव हार गए थे। उस समय वह कांग्रेस में थे। भाजपा के दिग्गज नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लगभग 17 वर्षों के बाद विदिशा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। यह क्षेत्र भाजपा का गढ़ रहा है।




चौहान का मुकाबला कांग्रेस उम्मीदवार प्रताप भानु शर्मा से है।

राजगढ़ में, कांग्रेस के दिग्गज नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह (77) का मुकाबला दो बार के भाजपा सांसद रोडमल नागर है।

भाजपा मध्य प्रदेश में सभी सीट पर जीत की उम्मीद कर रही है। राज्य में लोकसभा की 29 सीट हैं। वर्ष 2019 में भाजपा छिंदवाड़ा निर्वाचन क्षेत्र पर जीत हासिल करने में विफल रही थी। छिंदवाड़ा ही एकमात्र सीट थी जो कि कांग्रेस के खाते में आई। पार्टी के दिग्गज नेता कमलनाथ के बेटे नकुल नाथ ने यह सीट जीती थी।

गुना में यादव समुदाय का हिस्सा अधिक है और सिंधिया का मुकाबला भी कांग्रेस के यादवेंद्र सिंह यादव से है। ऐसे में इस समुदाय के मत हार जीत में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

वर्ष 2019 में कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में सिंधिया भाजपा के के.पी. यादव से अपना पारिवारिक गढ़ हार गए थे। ग्वालियर के पूर्व शाही परिवार के वंशज सिंधिया ने 2020 में कांग्रेस छोड़ दी थी और भाजपा में शामिल हो गए।

विदिशा में चौहान सहज दिख रहे हैं लेकिन राजगढ़ में मुकाबला कांटे का हो सकता है। दिग्विजय सिंह 1984 और 1991 में राजगढ़ से जीते थे लेकिन 1989 में हार गए और 1993 में वह मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री बने।

मध्य प्रदेश की कुल 29 सीट में से 12 सीट के लिए मतदान 19 और 26 अप्रैल को दो चरणों में संपन्न हो चुका है।

बाकी आठ सीट पर चौथे चरण में 13 मई को मतदान होगा।

## कांग्रेस ने नीट 'पेपर लीक' को लेकर भाजपा पर साधा निशाना, इसे छात्रों के सपनों के साथ धोखा बताया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने परीक्षा पेपर लीक के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए सोमवार को कहा कि यह प्रवृत्ति पिछले 10 वर्षों से जारी है और इसीलिए इस चुनाव में बेरोजगारी और नौकरियों में भ्रष्टाचार सबसे बड़ा मुद्दा है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, नीट परीक्षा का पेपर लीक होने की खबर 23 लाख से अधिक छात्र–छात्राओं और उनके परिवारों के सपनों के साथ धोखा है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को स्पष्ट किया कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट–स्नातक' में प्रश्नपत्र लीक होने का दावा करने वाली खबरें ''पूरी तरह से निराधार और बेबुनियाद'' हैं। गांधी ने पोस्ट में कहा, 12वीं पास करके कॉलेज में दाखिले का सपना संजोए छात्र हों या सरकारी नौकरी के लिए संघर्ष कर रहे होनहार युवा, हर किसी के लिए मोदी सरकार अभिशाप बन चुकी है। दस वर्ष से भाजपा सरकार के निकम्मेपन की कीमत अपने भविष्य की बर्बादी से चुका रहा युवा व उसका परिवार अब समझ चुका है कि जुबान चलाने और सरकार चलाने में फर्क होता है। गांधी ने कहा कि कांग्रेस ने सख्त कानून बनाकर युवाओं को पेपर लीक से मुक्ति दिलाने का संकल्प लिया है।




## भाजपा का '400 पार' का नारा केवल 'जुमला': आप नेता संजय सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कुरुक्षेत्र/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में 400 से ज्यादा सीट जीतने का उसका दावा मात्र 'जुमला' है।

आप के राज्यसभा सदस्य ने दावा किया कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' चुनाव में निश्चित रूप से 300 सीट पर जीत दर्ज करेगा। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, भाजपा का 400 सीट जीतने का दावा केवल एक 'जुमला' है।

संजय सिंह आप की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष सुशील गुप्ता के लिए चुनाव–प्रचार कर रहे थे जिन्हें पार्टी ने कुरुक्षेत्र से अपना उम्मीदवार बनाया है।

विपक्षी गठबंधन का हिस्सा आप हरियाणा की एकमात्र कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही है जबकि शेष नौ पर कांग्रेस के प्रत्याशी मैदान में हैं।

सिंह ने दावा किया कि केंद्र की भाजपा सरकार के पास अपने पिछले 10 वर्षों के दौरान किए गए कार्यों के बारे में कहने के लिए कुछ नहीं है। उन्होंने कुरुक्षेत्र के मतदाताओं से आप उम्मीदवार को जीताने की अपील की।

आप नेताओं ने दावा किया कि इस निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 80 गांव के सरपंचों ने सोमवार को गुप्ता को अपना समर्थन दिया।

सिंह ने इस बात का जिक्र करते हुए दावा किया कि इन ग्राम सरपंचों ने 'लोकतंत्र और देश के संविधान को बचाने के लिए 'इंडिया'गठबंधन के उम्मीदवारों से हाथ मिलाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा देश के लोकतंत्र और संविधान को नष्ट करने पर आमादा है। सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र महाभारत की भूमि है जहां भगवान कृष्ण ने पवित्र गीता का संदेश दिया था। उन्होंने कहा, महाभारत अन्याय के खिलाफ न्याय की लड़ाई थी।

संजय सिंह ने भाजपा पर निशाना साधते हुए दावा किया, इसी तरह कुरुक्षेत्र के लोगों ने 'अन्याय' के खिलाफ लड़ाई जीतने के लिए विपक्षी गठबंधन के उम्मीदवार को समर्थन देने का फैसला किया है। हरियाणा की सभी दस लोकसभा सीट पर चुनाव के छठे चरण में 25 मई को मतदान होगा।

## नरेंद्र मोदी सरकार ने निजीकरण के जरिये आरक्षण को कमजोर किया : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने निजीकरण के जरिये आरक्षण को ''कमजोर'' किया है। पार्टी ने दावा किया कि भाजपा द्वारा ''प्रधानमंत्री के कुछ मित्रों'' को राष्ट्र की संपत्ति ''बिना सोचे–समझे'' सौंपा जाना दर्शाता है कि उनके (मोदी के) लिए कॉरपोरेट हित हमेशा लोगों की भलाई से ऊपर रहेंगे।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि प्रत्येक निजीकरण के साथ ही दलितों, आदिवासियों और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) परिवारों के लिए रोजगार में आरक्षण समाप्त हो जाता है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, संविदाकरण दलित, आदिवासी और ओबीसी परिवारों को आरक्षण से वंचित करने का एक तरीका है। रमेश ने कहा, मोदी सरकार ने निजीकरण के जरिए आरक्षण को कमजोर कर दिया है। ये हैं तथ्य – प्रधानमंत्री मोदी के



'अन्याय काल' में 2.7 लाख केंद्रीय पीएसयू कर्मचारियों ने अपनी नौकरी खो दी है, ठेका कर्मियों की हिस्सेदारी 2013 के 19 प्रतिशत से बढ़कर 2022 में 43 प्रतिशत हो गई है। 1991 में विनिवेश प्रक्रिया की शुरुआत के बाद से हुए सभी विनिवेश में से 72 प्रतिशत प्रधानमंत्री मोदी की निगरानी में हुआ है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक उपक्रम (पीएसयू) पिछड़े क्षेत्रों के विकास और कमजोर समुदायों के लिए रोजगार सृजन के माध्यम से समावेशी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया, भाजपा द्वारा बिना सोचे समझे देश की संपत्तियों को प्रधानमंत्री के ''कुछ मित्रों'' को औने–पौने दाम पर सौंपना और बड़े पैमाने पर नौकरियों की हानि से प्रधानमंत्री की कार्यशैली उजागर हो गई है।



## कांग्रेस ने बिजली कटौती को लेकर केरल सरकार पर हमला बोला

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** कांग्रेस ने केरल में सत्तारूढ़ वाम सरकार पर राज्य में अघोषित बिजली कटौती करने का आरोप लगाया और केरल राज्य बिजली बोर्ड (केएसईबी) से इसे वापस लेने का आग्रह किया।

पार्टी ने आरोप लगाया कि राज्यभर में अघोषित बिजली कटौती जनता को धोखा देने के समान है। कांग्रेस ने केरल के ऊर्जा मंत्री के. कृष्णनकुट्टी के राज्य में कोई बिजली कटौती नहीं होने के उनके पहले के दावे पर भी सवाल उठाया। विधानसभा में विपक्ष के नेता वी.डी. सतीसन ने एक बयान में आरोप लगाया कि राज्य में वर्तमान बिजली संकट बिजली क्षेत्र में वाल लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार की नीतियों के साथ–साथ केएसईबी के भीतर कुप्रबंधन का परिणाम है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा सरकार द्वारा लागू दीर्घकालिक बिजली अनुबंध को मौजूदा पिनरई विजयन शासन द्वारा रद्द करने से राज्य में बिजली संकट पैदा हो गया है।

## सिविल सेवा के 'इस्पाती' ढांचे में जंग लगा, सुधार की जरूरत : सुब्बाराव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने सिविल सेवा में सुधार और पुनर्निर्माण की वकालत करते हुए कहा है कि अंग्रेजों का बनाया हुआ 'इस्पाती ढांचा' अब जंग खा चुका है।

केंद्रीय वित्त सचिव सहित विभिन्न अहम पदों पर रहे सुब्बाराव ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में महिलाओं की कम संख्या को लेकर अपनी नई किताब 'जस्ट ए मर्सिनरी? नोट्स फ्रॉम माई लाइफ एंड करियर' में भी यह बात लिखी है। उन्होंने इस संबंध में पीटीआई–भाषा से कहा, नौकरशाही के इस्पाती ढांचे में निश्चित रूप से जंग लग गया है।

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) हर साल आईएएस, भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) एवं अन्य सेवाओं के अधिकारियों का चयन करने के लिए सिविल सेवा परीक्षा का



आयोजन करता है। सुब्बाराव ने कहा, मेरा दृढ़ विश्वास है कि हमारे आकार और विविधता वाले देश को अब भी आईएएस जैसी सामान्यवादी सेवा की जरूरत है। लेकिन इस सेवा में सुधार की जरूरत है, और कई मायनों में इसे नया रूप देने की भी आवश्यकता है। उन्होंने कहा, इसका समाधान जंग लगे हुए ढांचे को फेंकना नहीं है, बल्कि उसकी मूल चमक को वापस ले आना है।

उन्होंने कहा, समय के साथ आईएएस ने अपनी प्रकृति और अपनी राह खो दी है। अयोग्यता, उदासीनता और भ्रष्टाचार आ गया है। सुब्बाराव ने कहा कि यह नकारात्मक दृष्टिकोण राह से भटके अधिकारियों के एक समूह द्वारा बनाया गया है लेकिन चिंता की बात यह है कि वह समूह अब छोटा नहीं रह गया है।

## भाजपा के इशारे पर एक और साजिश: केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश पर आप ने कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को आरोप लगाया कि उपराज्यपाल वीके सक्सेना की अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश भाजपा के इशारे पर दिल्ली के मुख्यमंत्री के खिलाफ एक और साजिश है।

राजनिवास के सूत्रों ने बताया कि उपराज्यपाल ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' से कथित तौर पर धन प्राप्त करने को लेकर केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश की है। आप नेता और दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, यह भाजपा के इशारे पर केजरीवाल के खिलाफ एक और साजिश है। वे दिल्ली की सभी सात सीट पर हार रहे हैं और लोकसभा चुनाव में हार के डर से घबरा गए हैं।

## दिल्ली हवाई अड्डे से तस्करी के आरोप में दो उज्बेक गिरफ्तार, 3.16 करोड़ रुपए का सोना जब्त

**नई दिल्ली/भाषा।** सीमा शुल्क के अधिकारियों ने दिल्ली हवाई अड्डे पर उज्बेकिस्तान के दो नागरिकों को देश में 3.16 करोड़ रुपए मूल्य के सोने की तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी। दुबई से दिल्ली पहुंचने पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। सीमा शुल्क विभाग द्वारा जारी बयान के मुताबिक, यात्रियों व उनके सामान की तलाशी के दौरान उनके पास से सोने की पांच छड़ें बरामद की गईं, जिनका वजन पांच किलोग्राम था। उन्होंने लाल थैली में छिपाकर रखा था। जब्त सोने की कीमत 3.16 करोड़ रु. आंकी गई है और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सीमा शुल्क के अधिकारियों ने एक अन्य मामले में कोरिया के व्यक्ति को 2.8 करोड़ रु. मूल्य की विदेशी मुद्रा की तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

## बाहरी दिल्ली में प्लास्टिक का कच्चा माल बनाने वाले कारखाने में लगी आग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** बाहरी दिल्ली में प्लास्टिक का कच्चा माल तैयार करने वाले एक कारखाने में आग गई। राहत की बात है कि आग से कोई हताहत नहीं हुआ। दमकल विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी के मुताबिक, सुबह आठ बजकर 26 मिनट पर बाहरी दिल्ली के नरेला औद्योगिक क्षेत्र में दो मंजिला इमारत में आग लगने की सूचना मिली।

डीएफएस अधिकारियों ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 30 गाड़ियां भेजी गईं और दोपहर एक बजकर 20 मिनट पर आग पर काबू पा लिया। इमारत में रखे प्लास्टिक के सामान, फर्नीचर आदि आग में जलकर खाक




हो गए। अधिकारियों के अनुसार संभवत: पहली मंजिल पर शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी। उन्होंने बताया कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ और स्थानीय पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। आग का एक कथित वीडियो भी सामने आया है जिसमें इमारत में आग की लपटों के साथ धुएं का गुबार दिखाई दे रहा है। पुलिस ने बताया कि वे आग लगने के कारण का पता लगाने के लिए प्राथमिकी दर्ज करेंगे।



## वडेट्टीवार का 26/11 हमले पर बयान दुर्भाग्यपूर्ण, शहीदों का अपमान : शिंदे

**ठाणे/भाषा।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले में शीर्ष पुलिस अधिकारी हेमंत करकरे की मौत पर कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण और उन लोगों का अपमान करार दिया जो देश की रक्षा करते हुए शहीद हो गए।

राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वडेट्टीवार ने दावा किया था कि 26/11 के आतंकवादी हमले के दौरान महाराष्ट्र आतंकवाद–रोधी दस्ते के प्रमुख रहे करकरे की मौत आतंकवादी अजमल कसाब की गोली से नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े एक पुलिसकर्मी की गोली से हुई थी। वडेट्टीवार के आरोप सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी एस.एम. मुश्रीफ द्वारा लिखित पुस्तक ''हू किल्ड करकरे'' पर आधारित थे। एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए शिंदे ने कहा, यह बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। यह शहीदों का अपमान है। देश के नागरिक इस अपमान का बदला लेंगे। उन्होंने इस टिप्पणी पर चुप्पी के लिए शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे की भी निंदा की।

ठाकरे कांग्रेस के गठबंधन सहयोगी हैं। उन्होंने कहा, शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे ने इस तरह के बयान की कड़ी निंदा की होती।

शिंदे ने कहा कि तत्कालीन संप्रग सरकार ने 26/11 हमले का उचित जवाब नहीं दिया, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2019 में पुलवामा में हुए आतंकी घटना के बाद 'सर्जिकल स्ट्राइक' की थी।

जय भिक्षु अर्हम् जय महाश्रमण

**स्मृति सभा/ उठावणा**



जन्म 1939 स्वर्गवास 2024

**स्व. श्रीमती मनफुलीदेवी डागा**

अत्यन्त दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि बीदासर निवासी नेत्रदानी स्व. श्रीमती मनफुलीदेवी डागा, 85वर्ष (धर्मपत्नी: स्वर्गीय जवरीमलजी डागा) का स्वर्गवास दि.6.5.2024 को हो गया।

**दिवंगत आत्मा के उत्तरोत्तर आध्यात्मिक उन्नयन की मंगलकामना**

**उठावणा**

**मंगलवार, दि. 7.5.2024 को सुबह 9:30 बजे**
**स्थल : तेरापंथ भवन, राजराजेश्वरीनगर, बेंगलूरु**

**शोकाकुल:**
**पुत्र-पुत्रवधू: मनोज-संगीता**
**पौत्र-पौत्रवधु: ऋषभ-ज्योति पौत्री: जागृति एवं समस्त डागा परिवार**
**पीहर पक्ष : पिता: स्वर्गीय हरकचंद जी छाजेड़**
भतीजा: विनोद (रायपुर), अशोक (सूरत), राकेश, डॉ. प्रकाश, प्रदीप, राजेश, विकास (बेंगलोर) एवं समस्त छाजेड़ परिवार
(बीदासर – रायपुर – सूरत – बेंगलोर)
सम्पर्क सूत्र : 9845062865, 9844013386, 9844142241

Firm • Qualityplus Star Krraft Corporation
• Jagriti Corrugation industries
Bidadi, Bengaluru

## नासिक में फाइनेंस कंपनी के दफ्तर से 4.92 करोड़ रु. का सोना चोरी

**नासिक/भाषा।** महाराष्ट्र के नासिक शहर में दो अज्ञात व्यक्ति होम फाइनेंस कंपनी के कार्यालय में घुसे और वहां से 4.92 करोड़ रुपए का सोना लेकर फरार हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक यह घटना शनिवार तड़के पुराने गंगापुर नाका इलाके में इंदिरा हाइट्स वाणिज्यिक परिसर में हुई। उन्होंने बताया कि 222 ग्राहकों के 4.92 करोड़ रुपए के सोने के आभूषण फाइनेंस कंपनी के लॉकर में रखे हुए थे।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि चोरी की इस घटना का उस समय पता तब चला जब एक कर्मचारी ने शनिवार शाम को लॉकर खाली देखा, जिसके बाद पुलिस को इस बारे में सूचित किया गया। जांच के दौरान, कार्यालय के सीसीटीवी फुटेज में दो अज्ञात व्यक्तियों को एक केबिन की खिड़की से परिसर में प्रवेश करते और लॉकर को खोलने के लिए कार्यालय से चाबियों का इस्तेमाल करते और उसमें से आभूषण चोरी करते हुए देखा गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक व्यक्ति ने सफेद पीपीई किट पहन रखी थी।

## मोदी ने संविधान को बदलने और खत्म करने का मन बना लिया है : राहुल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मोदी ने संविधान को बदलने और खत्म करने का मन बना लिया है : राहुल

खरगोन (मप्र)/भाषा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान को बदलने और खत्म करने का मन बना लिया है और उनका यह कदम आदिवासियों और अन्य वर्गों को उनके अधिकारों से वंचित कर देगा। मध्य प्रदेश के खरगोन लोकसभा क्षेत्र के सेगांव में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि केंद्र में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की



सरकार बनते ही किसानों का कर्ज माफ कर दिया जाएगा और मनरेगा योजना के तहत दैनिक भत्ता 250 रुपए से बढ़ाकर 400 रुपए कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, ये चुनाव संविधान और गरीबों को दिए गए आरक्षण को बचाने और भूमि, जंगल और रोजगार पर अधिकारों की रक्षा के लिए लड़े जा रहे हैं। लेकिन मोदी ने इसे (संविधान) बदलने और खत्म करने का मन बना लिया है। खरगोन (आरक्षित) में 13 मई को मतदान होगा।

कांग्रेस नेता ने कहा कि सत्ता में आने के बाद 'इंडिया' गठबंधन यह सुनिश्चित करने के लिए एक कानून बनाएगा कि किसानों को उनकी उपज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) मिले। उन्होंने कहा, केंद्र में सत्ता में आते ही हमारी सरकार किसानों का कर्ज माफ करेगी और मनरेगा भत्ता 250 रुपए से बढ़ाकर 400 रुपए प्रतिदिन करेगी।

राहुल गांधी ने यह भी कहा कि यदि संविधान को खत्म कर दिया गया तो लोगों के अधिकारों का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया, जमीन, जल, जंगल और आरक्षण पर आपका अधिकार खत्म हो जाएगा, सार्वजनिक क्षेत्र खत्म हो जाएगा और 20 से 25 अमीर लोगों का शासन शुरू हो





# कर्नाटक की 14 लोकसभा सीटों पर मतदान आज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। राज्य के 14 लोकसभा क्षेत्रों के लिए दूसरे और अंतिम चरण का मतदान मंगलवार को होगा, जहां केंद्रीय मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री और मंत्री के परिवार के सदस्य मैदान में हैं। केंद्रीय चुनाव आयोग ने स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी तैयारियां कर ली हैं और पुराने मैसूर क्षेत्र में तैनात राज्य के बाहर के अर्धसैनिक बल और पुलिस कर्मियों को कल होने वाले लोकसभा क्षेत्रों में स्थानांतरित कर दिया है। दावणगेरे, शिम्मोग्गा, उत्तर कन्नड़, धारवाड़, हावेरी, बेलगाम, चिक्कोडी, विजापुर, बागलकोट, कलबुर्गी, बीदर, रायचूर, कोप्पल और बेल्लारी लोकसभा क्षेत्रों में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। इस समय उच्चभूमियों और तटीय क्षेत्रों में दो-तीन क्षेत्रों को छोड़कर, सभी क्षेत्रों में उच्च तापमान होता है। आयोग को तापमान का डर भी सता रहा है, जो मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान का समय एक घंटा बढ़ाने पर विचार कर रहा है, लेकिन अभी तक इस पर फैसला नहीं हुआ है। जैसे ही 26 अप्रैल को पुराने मैसूर के 14 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान समाप्त हुआ, राजनीतिक दलों के नेताओं ने अपने उम्मीदवारों की जीत पर ध्यान केंद्रित किया। इन सभी सीटों पर बीजेपी और सत्ताधारी कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर रही है।

### मतदाताओं का दिल जीतने की कोशिश

जहां भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास और हिंदुत्व को बढ़ावा देकर मतदाताओं को लुभाने के लिए जमकर प्रचार किया है, वहीं राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने अपनी पांच गारंटी को दरकिनार कर दिया है और प्रधान मंत्री को बदनाम करने के एक हथियार के रूप में प्रज्ज्वल रेवन्ना यौन उत्पीड़न कांड का सहारा लेकर मतदाताओं का दिल जीतने की कोशिश की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाद्रा समेत राज्य के नेताओं ने अपनी पार्टी के उम्मीदवारों को जीत दिलाने के लिए जोरदार प्रचार किया। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी और भगवंत खुबा ने धारवाड़ और बीदर निर्वाचन क्षेत्रों से फिर से चुनाव लड़ा है। पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टर, बसवराज बोम्मई और कमलादा चिनहेयादी क्रमशः बेलगाम और हावेरी से चुनाव लड़ रहे हैं।

### राजनेताओं के बच्चे मैदान में

सिद्दरामैया कैबिनेट में एसएस मल्लिकार्जुन ने अपनी पत्नी को दावणगेरे से मैदान में उतारा है, जबकि सतीश जारकीहोली, शिवानंद पाटिल, ईश्वर खंड्रे और लक्ष्मी हेब्बालकर ने अपने बच्चों को मैदान में उतारकर अपनी किस्मत आजमाई है। चूंकि राज्य में पहले चरण की तुलना में दूसरे चरण में अधिक मतदान होने की उम्मीद है। लेकिन हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा कि चिलचिलाती धूप इसकी अनुमति कैसे देगी। इन 14 सीटों पर 2,59,17,493 मतदाता इनके राजनीतिक भविष्य का फैसला करेंगे और कुल 227 प्रत्याशी मैदान में हैं।

# सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर नड्डा, अमित मालवीय और विजयेंद्र के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा, पार्टी के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय और कर्नाटक इकाई के प्रमुख विजयेंद्र येडीयुरप्पा के खिलाफ एक सोशल मीडिया पोस्ट के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि इन नेताओं पर एक विशेष उम्मीदवार को वोट न देने के लिए अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के सदस्यों को कथित तौर पर डराने-धमकाने वाले सोशल मीडिया पोस्ट के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) ने आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन के लिए रविवार को निर्वाचन आयोग तथा पुलिस में शिकायत दर्ज करायी थी जिसके बाद यह कार्रवाई की गयी है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भाजपा नेताओं पर जन प्रतिनिधि कानून की धाराओं और भारतीय दंड संहिता की धारा 505 (2) (विभिन्न वर्गों के बीच शत्रुता, घृणा को बढ़ावा देने वाला बयान देना) के तहत मामला दर्ज किया गया है। केपीसीसी ने शिकायत में कर्नाटक प्रदेश भाजपा के आधिकारिक अकाउंट से 'एक्स' पर पोस्ट एक वीडियो का हवाला दिया। उसने आरोप लगाया कि इस अकाउंट का संचालन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र के निर्देश पर पार्टी के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय करते हैं।

कांग्रेस ने आरोप लगाया, सोशल मीडिया पर पोस्ट किये गए उक्त वीडियो में राहुल गांधी और (मुख्यमंत्री) सिद्दरामैया के एनिमेटेड किरदार दिखाए गए हैं। वीडियो क्लिप में एससी, एसटी और ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) समुदाय को एक घोंसले में रखे 'अंडों' के तौर पर दिखाया गया है तथा इसमें राहुल गांधी को मुस्लिम समुदाय नाम से एक बड़ा अंडा रखते हुए भी दिखाया गया है।

उसने कहा, ''इसे इस तरह से प्रदर्शित किया गया है कि जैसे कि मुस्लिम समुदाय को दर्शाने वाले चूजों को धन दिया जा रहा हो, जो बाद में एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय को बाहर निकाल देते हैं।'' केपीसीसी ने शिकायत की है कि आरोपियों का कृत्य जानबूझकर दंगा भड़काना और विभिन्न धर्मों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देना है तथा एक विशेष उम्मीदवार को वोट नहीं देने के लिए एससी/एसटी समुदाय के सदस्यों को डराना-धमकाना और इस समुदाय के सदस्यों के खिलाफ वैमनस्य पैदा करना है।

## अश्लील वीडियो मामला

# लोकसभा चुनाव के बाद प्रज्ज्वल रेवन्ना के लौटने की उम्मीद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। सेक्स वीडियो मामले में मुख्य आरोपी पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्जवल रेवन्ना की कर्नाटक सीआईडी की एसआईटी की तलाश के बीच सूत्रों ने बताया कि कर्नाटक समेत देश के अन्य प्रमुख राज्यों में लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद फरार जद (एस) सांसद के लौटने की उम्मीद है। इस बीच, जद (एस) सांसद प्रज्जवल रेवन्ना को पकड़ने के लिए देश के प्रमुख हवाई अड्डों पर पुलिस की टीमें सतर्क हैं।

जद (एस) के वरिष्ठ नेता सीएस पुट्टाराजू ने संकेत दिया था कि वर्तमान सांसद और हासन लोकसभा सीट से एनडीए उम्मीदवार प्रज्जवल रेवन्ना अपने पिता एचडी रेवन्ना की गिरफ्तारी के बाद आत्मसमर्पण करेंगे। देवेगौड़ा के बेटे और जद (एस) विधायक एचडी रेवन्ना को एक पीड़िता के बेटे द्वारा उनके खिलाफ दर्ज कराए अपहरण के मामले में शनिवार को गिरफ्तार किया गया था। लीक हुए वीडियो में प्रज्जवल रेवन्ना को उक्त महिला का यौन शोषण करते देखा गया था। इस बीच कांग्रेस सरकार प्रज्जवल रेवन्ना को गिरफ्तार करने की पूरी कोशिश कर रही है।

एसआईटी अधिकारियों को उसके खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी होने के बाद उसके छिपने के स्थान का पता लगने की उम्मीद है। सूत्रों का कहना है कि जद (एस) के प्रमुख नेता और परिवार के कुछ सदस्य ऐसे समय, जब परिवार के खिलाफ उंगलियां उठ रही हैं, प्रज्जवल रेवन्ना के छिपने से खुश नहीं हैं। इस बीच, सूत्रों ने बताया कि एसआईटी के पास प्रज्जवल रेवन्ना द्वारा उत्पीड़ित कई और महिलाओं और उनके दोस्तों के फोन आने लगे हैं। अधिकारी उन्हें कानूनी सहायता और सुरक्षा का आश्वासन दे रहे हैं। इस बीच, एसआईटी के अधिकारी सेक्स वीडियो स्कैंडल के पीड़ितों में से एक को बेंगलूरु के बसवनगुड़ी इलाके में एचडी रेवन्ना के आवास पर महाजार के लिए ले गए।

# यौन शोषण की पीड़ितों के लिए एसआईटी ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। हासन से जनता दल (एस) के सांसद प्रज्जवल रेवन्ना द्वारा महिलाओं का कथित यौन उत्पीड़न किए जाने की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है जिसके माध्यम से पीड़ित उससे संपर्क कर सकते हैं। एसआईटी प्रमुख और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बी के सिंह ने एक बयान में कहा कि हेल्पलाइन नंबर पर पीड़ित फोन कर सकते हैं। सिंह ने कहा कि पीड़ितों को एसआईटी कार्यालय जाने की जरूरत नहीं है, क्योंकि टीम उन्हें राहत देने के लिए व्यक्तिगत रूप से उनसे संपर्क करेगी।

एसआईटी ने लोगों को चेतावनी दी कि रेवन्ना द्वारा महिलाओं के साथ कथित तौर पर यौन उत्पीड़न और छेड़छाड़ करने वाले वीडियो वे सोशल मीडिया या व्यक्तिगत मैसेंजर एप्लिकेशनों पर साझा न करें। सिंह ने कहा, मैसेंजर सेवाओं पर इन वीडियो को साझा करने वालों का पता लगाना आसान है, और ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे वीडियो साझा करने से पीड़ितों की प्रतिष्ठा और सम्मान को नुकसान होगा।

प्रज्जवल हासन लोकसभा सीट से फिर से चुनाव लड़ रहे हैं। वे जद (एस)-भाजपा गठबंधन के उम्मीदवार हैं। इस निर्वाचन क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान हुआ था। जद (एस) पिछले साल सितंबर में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हो गया था। बताया जाता है कि प्रज्जवल ने मतदान के एक दिन बाद 27 अप्रैल को देश छोड़ दिया था। उनके खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है। प्रज्जवल के खिलाफ बलात्कार और छेड़छाड़ के मामले दर्ज किए गए हैं। उनके पिता और विधायक एचडी रेवन्ना को एक महिला का अपहरण करने के आरोप में गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। महिला का प्रज्जवल ने कथित तौर पर यौन शोषण किया था।

# कर्नाटक की अदालत ने महिला के अपहरण मामले में रेवन्ना के सहयोगी को पुलिस हिरासत में भेजा

बेंगलूरु। यहां की एक अदालत ने महिला के कथित अपहरण और बंधक बनाकर रखने के मामले में जनता दल (सेक्युलर) के विधायक एच डी रेवन्ना के सहयोगी सतीश बबन्ना को सोमवार को आठ दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। विशेष जांच दल (एसआईटी) ने बबन्ना को अदालत के समक्ष पेश किया, जिसने उसे जद (एस) सांसद प्रज्जवल रेवन्ना के खिलाफ यौन आरोपों से जुड़े अपहरण के मामले में आगे की जांच के लिए पुलिस की हिरासत में भेज दिया।

पीड़िता के 20 वर्षीय बेटे की शिकायत के आधार पर बबन्ना को गिरफ्तार किया गया। पीड़िता के बेटे ने कहा कि उसे अपनी मां की जान को खतरा होने का डर है। महिला के बेटे ने शिकायत में कहा कि सतीश बबन्ना उसकी मां को यह कहते हुए बाइक पर ले गया कि अगर पुलिस उसका बयान दर्ज करने के लिए उसके पास आएगी, तो उसे गिरफ्तार किए जाने की संभावना है। महिला की तीन संतान है। शिकायतकर्ता ने कहा कि एक वीडियो पीड़िता से जुड़ा है, जिसमें प्रज्जवल रेवन्ना ने उसे बांध दिया था और बलात्कार किया था। हासन के सांसद प्रज्जवल द्वारा महिलाओं के यौन शोषण के कई वीडियो सामने आए हैं। प्रज्जवल पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते हैं और हासन लोकसभा सीट से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार हैं।

## बारिश



सोमवार को बेंगलूरु में शाम को हुई बारिश के दौरान कस्तूरबा रोड से गुजरते लोग। बारिश के चलते कई जगह पेड़ गिर गए। कई इलाकों में बिजली भी प्रभावित रही। तेज बारिश के बाद यातायात काफी प्रभावित हुआ। सभी जगह जाम देखा गया।

## लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस का विभाजन

# कर्नाटक में उपचुनाव संभव : सीसी पाटिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

गदग। कर्नाटक के पूर्व मंत्री और भाजपा नेता सीसी पाटिल ने कांग्रेस को लेकर एक बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा है कि लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस पार्टी विभाजित हो जाएगी और यहां तक कि कर्नाटक में भी उपचुनाव हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में काफी कम सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं।

भाजपा नेता ने आगे कहा कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया को हार की जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देना पड़ सकता है। प्रदेश में किसी भी सूरत में उपचुनाव हो सकते हैं और इसके लिए हम पहले से ही मानसिक रूप से तैयार हैं।

# इसरो विकसित कर रहा तरल ऑक्सीजन केरोसिन चालित सेमी-क्रायोजेनिक इंजन

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। इसरो ने सोमवार को कहा कि वह भविष्य के प्रक्षेपण अभियानों के लिए प्रक्षेपण यान मार्क-3 (एलवीएम3) की उपकरण क्षमता बढ़ाने के वास्ते तरल ऑक्सीजन (एलओएक्स) केरोसीन प्रणोदक संयोजन चालित 2,000 केएन (किलोन्यूटन) थ्रस्ट सेमी-क्रायोजेनिक इंजन विकसित कर रहा है। तरल प्रणोदन प्रणाली केंद्र (एलपीएससी) भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अन्य प्रक्षेपण यान केंद्रों के सहयोग से सेमी-क्रायोजेनिक प्रणोदन प्रणाली के विकास का अग्रणी केंद्र है। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि 'सेमी-क्रायो प्री-बर्नर' का सफल प्रज्वलन सेमी-क्रायोजेनिक प्रणोदन प्रणाली के विकास में इसरो की एक बड़ी उपलब्धि है। प्रक्षेपण मॉड्यूल का संयोजन और परीक्षण इसरो प्रणोदन परिसर (आईपीआरसी), महेंद्रगिरि में किया गया। इसने कहा कि पहला प्रज्वलन परीक्षण दो मई को आईपीआरसी, महेंद्रगिरि में सेमी क्रायो इंटीग्रेटेड इंजन परीक्षण प्रतिष्ठान (एसआईईटी) में सफलतापूर्वक किया गया। इसरो ने कहा कि 'प्री-बर्नर' का सुचारू और निरंतर प्रज्वलन प्रदर्शित हुआ जो सेमी-क्रायोजेनिक इंजन की शुरुआत के लिए महत्वपूर्ण है।

# एसआईटी ने बेंगलूरु में रेवन्ना के आवास का निरीक्षण किया

## अपहरण मामला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। एक महिला के कथित अपहरण और उसे गैरकानूनी तरीके से बंधक बनाने के संबंध में जनता दल (सेक्यूलर) विधायक एच डी रेवन्ना के खिलाफ मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने सोमवार को बेंगलूरु के बसवनगुडी में उनके आवास पर घटनास्थल का निरीक्षण किया। रेवन्ना के परिवार की अनुपस्थिति में एसआईटी दल ने मौके का मुआयना करने के लिए उनके वकील गोपाल को तलब किया। एसआईटी ने दो दिन पहले हासन जिले के होलेनारसीपुरा में विधायक के आवास का निरीक्षण किया था। पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के पुत्र रेवन्ना दो मामलों में जांच का सामना कर रहे हैं। एक मामला घरेलू सहायिका के यौन उत्पीड़न से जुड़ा है जिसमें रेवन्ना का बेटा प्रज्जवल भी आरोपी है।

दूसरा मामला दो मई को दर्ज अपहरण के मामले से जुड़ा है। प्रज्जवल द्वारा कथित तौर पर कई महिलाओं का यौन शोषण करने वाले वीडियो बड़ी संख्या में वायरल होने के बाद पीड़िता के बेटे ने आरोप लगाया कि रेवन्ना का सहायक सतीश बबन्ना उसकी मां को 29 अप्रैल को एक मोटरसाइकिल पर बिठाकर ले गया और उसे अवैध रूप से बंधक बनाकर रखा।

इस बीच, रेवन्ना के वकील गोपाल ने आरोप लगाया कि एसआईटी दल ने उन्हें जद(एस) नेता के बसवनगुडी स्थित आवास के भीतर जाने नहीं दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें मौके के मुआयने का नोटिस दिया गया था लेकिन एसआईटी दल ने उन्हें अंदर नहीं जाने दिया। गोपाल ने पूछा, ''मुझे अंदर जाने नहीं दिया गया जबकि मुझे वहां मौजूद होना चाहिए था। अवैध चीजें चल रही हैं। मैं मौके के मुआयने के खिलाफ नहीं हूं। जब एसआईटी ने मुझे यहां मौजूद रहने का नोटिस दिया तो मुझे बाहर क्यों रखा गया? क्या मैंने कहा कि मैं सहयोग नहीं करूंगा?''

उन्होंने कहा कि जब्त सामान की एक सूची सौंपी जानी होती है। उन्होंने पूछा कि एसआईटी यह सूची किसे सौंपेगी? वहीं, केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर प्रज्जवल के विदेश से लौटने की संभावना के मद्देनजर सुरक्षाकर्मी सतर्क हैं। उनके खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस भी जारी किया गया है।

## कुशलक्षेम



सोमवार को मणिपाल अस्पताल में स्वास्थ्य इलाज करा रहे पूर्व मुख्यमंत्री एसएम कृष्णा से मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने मुलाकात की। उन्होंने उनके शीघ्र स्वास्थ्य की कामना की।

# कन्याकुमारी समुद्र तट के पास पांच छात्रों की डूबकर मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कन्याकुमारी। तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में एक निजी मेडिकल कॉलेज के पांच छात्र सोमवार को कन्याकुमारी तट के पास समुद्र में डूब गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। घटना पर दुख व्यक्त करते हुए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और कहा कि निर्वाचन आयोग की अनुमति मिलने के बाद शोक संतप्त परिवारों को आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी। कन्याकुमारी के पुलिस अधीक्षक ई. सुंदरवथनम ने कहा कि एमबीबीएस छात्रों का एक समूह राजक्कमंगलम के लेमुर समुद्र तट पर गया और इसी दौरान कुछ छात्र एक विशाल लहर की चपेट में आकर समुद्र में डूब गए। अधिकारी ने कहा, ''दो छात्राएं और तीन छात्र डूब गए।'' पुलिस अधिकारी ने कहा कि छात्रों को स्थानीय लोगों ने अचानक आने वाली लहरों की आधिकारिक चेतावनी के मद्देनजर समुद्र तट पर जाने से बचने के लिए कहा था।

उन्होंने बताया कि वे एक छात्र के भाई की शादी में हिस्सा लेने के लिए पांच मई को कन्याकुमारी जिले में पहुंचे थे।

# 'सेक्स स्कैंडल' को लेकर प्रधानमंत्री का घेराव

## 'देश की महिलाएं आपको जवाब देंगी'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/नई दिल्ली। जनता दल (सेक्युलर) के सांसद प्रज्जवल रेवन्ना से जुड़े सेक्स स्कैंडल' को लेकर भाजपा पर हमला तेज करते हुए कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वालों को हमेशा ''सरंक्षण'' दिया है। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की पूर्व प्रमुख नेट्टा डिसूजा ने कहा कि भाजपा ने केवल 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे नारे दिए हैं, लेकिन हकीकत देश की जनता के सामने है।

यहां कांग्रेस मुख्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने दावा किया, ''बहादुर महिला पहलवान हों या अंकिता भंडारी जैसी बेटियां, प्रधानमंत्री ने किसी भी बेटी को न्याय दिलाने की कोशिश नहीं की। भाजपा सरकार ने महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वालों को हमेशा बचाया है।'' डिसूजा ऋषिकेश के समीप एक रिजार्ट में 19 वर्षीय रिसेप्शनिस्ट अंकिता भंडारी की कथित तौर पर रिजार्ट मालिक एवं उसके दो सहयोगियों द्वारा की गयी हत्या का उल्लेख कर रही थीं। यह रिजार्ट मालिक एक भाजपा नेता का पुत्र है। कांग्रेस महिला पहलवानों द्वारा भाजपा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह के विरुद्ध लगाये गये यौन उत्पीड़न को लेकर भी सत्तारूढ़ दल पर हमलावर रही है।

डिसूजा ने कहा, ''प्रज्जवल रेवन्ना के मुद्दे पर देश की महिलाएं काफी गुस्से में हैं। जो व्यक्ति पिछले पांच वर्ष से संसद के अंदर मोदी जी के संरक्षण में था, उसका असली चरित्र देश के सामने आ गया है और अब महिलाएं इस बारे में सोचने पर मजबूर हैं।''

उन्होंने कहा, ''अगर यही काम किसी और ने किया होता तो मोदी जी पूरे देश में कह रहे होते – देखो, हमने अपनी बेटियों की रक्षा के लिए अपराधी को पकड़ लिया।' लेकिन अब जब बात उनके पसंदीदा व्यक्ति की आती है तो उनका रवैया पूरे देश के सामने है।''

कांग्रेस जहां राजग के घटक दल जद (एस) के नेताओं के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों को लेकर भाजपा पर हमलावर है, वहीं भाजपा ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई में देरी'' के लिए कर्नाटक की कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। डिसूजा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हासन लोकसभा सीट से दोबारा चुनाव लड़ रहे प्रज्जवल रेवन्ना के साथ मंच साझा किया था और उनके लिए वोट मांगे थे। उन्होंने कहा, अगर मोदी हैं तो प्रज्जवल रेवन्ना का विदेश भाग जाना संभव है। अगर मोदी हैं तो प्रज्जवल रेवन्ना का संसद में बैठना संभव था। लेकिन, आज नरेन्द्र मोदी, अमित शाह और स्मृति ईरानी चुप हैं।

डिसूजा ने भाजपा के चुनावी नारे का जिक्र करते हुए कहा, मोदी जी कह रहे थे कि प्रज्जवल रेवन्ना को दिया गया वोट उन्हें मजबूत करेगा। अब देश की महिलाएं आपको '400 पार' पर जवाब देंगी। हासन से जद (एस) सांसद प्रज्जवल रेवन्ना के बड़ी संख्या में अश्लील वीडियो प्रसारित होने के बाद कर्नाटक सरकार द्वारा एसआईटी का गठन किया गया था। प्रज्जवल रेवन्ना (33) पर दुष्कर्म और छेड़छाड़ का आरोप है।






# भजनलाल शर्मा से सिविल सेवा परीक्षा-2023 में राजस्थान से चयनित युवाओं ने की मुलाकात

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा-2023 में राजस्थान से चयनित युवाओं ने मुलाकात की। भजनलाल शर्मा ने युवाओं को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने युवाओं को साफा पहनाकर, शॉल ओढाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बहुत गौरव का विषय है कि देश की सबसे प्रतिष्ठित सिविल सेवा परीक्षा में राजस्थान में इतनी बड़ी संख्या में युवा चयनित हुए हैं। आपके माता-पिता के आशीर्वाद तथा कड़ी मेहनत एवं लगन से यह संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि 21वीं सदी भारत की है। वर्तमान में हम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में इस सपने को साकार होता देख रहे हैं तथा युवाओं के योगदान से दुनिया में भारत का दबदबा बढ़ा है। भजनलाल शर्मा ने कहा कि सिविल सेवा परीक्षा से चयनित युवा देश के कर्णधार तथा प्रहरी हैं। ऐसे में उन्हें समाज को सही दिशा देते हुए देश एवं प्रदेश को आगे बढ़ाने का काम करना है। अभाव में आए प्रत्येक व्यक्ति की बात संवेदनशीलता से सुनकर उनके काम को पूरा करना है। उन्होंने चयनित युवाओं से कहा कि किसी भी जगह नियुक्ति हो वे पूरी ऊर्जा, ईमानदारी एवं समर्पण भाव से काम करें।

उन्होंने कहा कि आने वाला समय युवाओं का है। आपको अपने श्रेष्ठ विचारों तथा अनुभवों से मोदी जी के 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के विजन को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। उन्होंने युवाओं से कहा कि इस परीक्षा में जिन युवाओं का उम्मीद अनुसार परिणाम नहीं आया है, उन्हें निराश ना होकर पूरे समर्पण भाव से पुनः कोशिश करनी चाहिए। कार्यक्रम में चयनित युवाओं ने शिक्षा प्रणाली में सुधार, महिला सशक्तीकरण, राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देना, स्वच्छता सर्वेक्षण में राज्य की स्थिति सुधारने सहित विभिन्न विषयों पर अपने विचार भी साझा किए। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री के साथ चयनित युवाओं का सामुहिक फोटो सेशन भी हुआ। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यू आर साहू सहित मुख्ममंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं यूपीएससी-2023 में राजस्थान से चयनित युवा मौजूद थे।

## बाड़मेर में दूसरे के स्थान पर परीक्षा देता फर्जी अभ्यर्थी गिरफ्तार

बाड़मेर। बाड़मेर में पुलिस ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के दौरान दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते फर्जी अभ्यर्थी और मूल अभ्यर्थी को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। बाड़मेर पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि रविवार को अंतरी देवी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बाड़मेर की प्रधानाचार्य अनीता चौधरी ने पुलिस को सूचना दी की परीक्षार्थी गोपाला राम के स्थान पर दूसरा व्यक्ति परीक्षा दे रहा है। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र से आरोपी भागीरथ राम विश्नोई और मूल अभ्यर्थी उसके छोटे भाई गोपाला राम को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि भागीरथ राम एसएन मेडिकल कॉलेज जोधपुर में आयुर्विज्ञान तथा शल्य-चिकित्सा स्नातक (एमबीबीएस) का छात्र है। मीणा ने बताया कि छोटे भाई के स्थान पर परीक्षा देने के लिए उसके आधार कार्ड में फर्जी तरीके से बदलाव कर भागीरथ राम ने खुद की फोटो लगाई और परीक्षा देने पहुंच गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनसे गहनता से पूछताछ की जा रही है।



# राजस्थान में जीआईटीबी से पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा : दीया कुमारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा है कि राजस्थान में ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाजार (जीआईटीबी) से पर्यटन को बढ़ा मिलेगा। दीया कुमारी सोमवार को यहां नोवोटेल कन्वेंशन सेंटर में जीआईटीबी के 13वें संस्करण का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और इनबाउंड टूर ऑपरेटर्स और पर्यटन व्यवसायियों के बीच चल रही बी2बी मीटिंग्स का अपडेट प्राप्त किया। उन्होंने इस मेगा इनबाउंड टूरिज्म मार्ट में निरंतर वृद्धि की सराहना करते हुए नए वित्तीय वर्ष के पहले प्रमुख पर्यटन कार्यक्रम के रूप में इसके महत्व पर प्रकाश डाला जो पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए तैयार है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने पर्यटकों की बढ़ती संख्या के अनुरूप बुनियादी ढांचे के विकास की आवश्यकता को रेखांकित किया और पर्यटन को मजबूत करने के लिए सरकार की भागीदारी और पर्यटन व्यवसायियों से सहयोग का आग्रह किया।

इस अवसर पर पर्यटन विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़, पर्यटन विभाग की निदेशक रश्मि शर्मा, फिक्की टूरिज्म एंड कल्चरल कमेटी चेयरमैन दीपक देवा, फिक्की की पूर्व प्रेसिडेंट और ललित सूरी हॉस्पिटेलिटी ग्रुप की सीएमडी डॉ. ज्योत्सना सूरी और एफएचटीआर एवं एचआरएआर अध्यक्ष कुलदीप सिंह चंदेला मौजूद थे। गौरतलब है कि इस अंतर्राष्ट्रीय मार्ट का आयोजन राज्य पर्यटन विभाग, केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। इस आयोजन को होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (एचआरएआर), इंडियन हेरिटेज होटल्स एसोसिएशन (आईएचएचए) और राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (राटो) का भी सहयोग प्राप्त है। मार्ट के दो दिनों में लगभग 10 हजार पूर्व-निर्धारित, संरचित बी2बी बैठकें होंगी। इस आयोजन में 52 देशों के 242 विदेशी टूर ऑपरेटर्स और 10 राज्यों के स्टेट टूरिज्म बोर्ड के प्रतिनिधि भी भाग ले रहे हैं।

## आरएलपी नेता हनुमान बेनीवाल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

जयपुर। राजस्थान के नागौर जिले में लोकसभा चुनाव के दौरान निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने पर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) नेता और खींवसर सीट से विधायक हनुमान बेनीवाल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार लोकसभा चुनाव के पहले चरण के दौरान बेनीवाल समर्थकों ने फर्जी वोटिंग का आरोप लगाया था और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं के साथ हाथापाई की थी। इस दौरान कुचेरा नगर पालिका के अध्यक्ष तेजपाल मिर्धा को चोट लग गई थी।

उसी दिन, बेनीवाल ने अपने समर्थकों को संबोधित किया था जिसके बाद शिकायत दर्ज की गई थी। कुचेरा के थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि भाजपा उम्मीदवार ज्योति मिर्धा ने चुनाव पर्यवेक्षकों के पास शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत जिला चुनाव अधिकारी को भेजी गई थी।

शिक्षामंत्री दिलावर का बयान

# सरकारी स्कूलों में शिक्षक नहीं ला सकेंगे मोबाइल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने बयान दिया है कि अब सरकारी स्कूलों को टीचर्स को मोबाइल लाने पर रोक लगेगी। मोबाइल को पूरी तरह से बैन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मोबाइल एक बीमारी है। टीचर्स मोबाइल पर शेयर मार्केट और न जाने क्या-क्या देखते रहते हैं। इससे बच्चों की पढ़ाई पर असर पड़ रहा है। दिलावर अपने जयपुर में आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि टीचर्स को मोबाइल लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कोई गलती से ले भी आया तो मोबाइल प्रिंसिपल के पास जमा कराना होगा जो उनको छुटटी के बाद मिल पाएगा।

इमरजेंसी के समय प्रिंसिपल को फोन कर सकेंगे और वही संबंधित शिक्षकों को सूचना देंगे। कारण स्पष्ट होने पर ही प्रिंसिपल संबंधित शिक्षक से बात करवाएंगे। शिक्षा मंत्री दिलावर ने कहा- हम कोई बड़ा फैसला नहीं ले रहे हैं। जो पहले से नियम बने हुए हैं, उनकी पालना करवाने की कोशिश कर रहे हैं।

स्कूलों के कई खेल के मैदानों में अतिक्रमण हो रहा है। अतिक्रमण को हटाने का काम अभियान शुरू कर दिया है। इस तरह से जो छोटी-छोटी समस्याएं थीं। हम उनका निराकरण करने का काम कर रहे हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा- स्कूल के समय पूजा और नमाज पढ़ने जाने की इजाजत नहीं होगी। अब टीचर्स भैरूजी, बालाजी की पूजा और नमाज पढ़ने के नाम पर स्कूल नहीं छोड़ेंगे। यदि उनको जाना है तो छुट्टी लेकर और लिखित में रजिस्टर में एंट्री करके जाएं। अभी मौखिक रूप से बताया जा रहा है। फिर नोटिस देंगे। इसके बाद भी सुधार नहीं हुआ तो बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाएगी।



# जयपुर में पहले 'वेड इन इंडिया' एक्सपो का उद्घाटन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारत के सांस्कृतिक पहलुओं के साथ-साथ, देश भर में तेजी से हो रहे बुनियादी ढांचे के विकास, विशेष रूप से पिछले कुछ वर्षों में हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी होने के कारण पहुंच में सुधार और डिजिटल एवं भौतिक कनेक्टिविटी में सुधार से दुनिया भर में डेस्टिनेशन वेडिंग्स में काफी सहायता मिल रही है। भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय की महानिदेशक मनीषा सक्सेना ने जयपुर के रामबाग पैलेस में 5 मई से 7 मई तक आयोजित होने रहे पहले 'वेड इन इंडिया' एक्सपो के उद्घाटन समारोह के दौरान यह बात कही।

भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय की पहल, 'वेड इन इंडिया' एक्सपो का आयोजन ग्रेट इंडिया ट्रैवल के साथ पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। इस आयोजन को होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (एचआरएआर), इंडियन हेरिटेज होटल्स एसोसिएशन (आईएचएचए.) और राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (राटो) का भी सहयोग प्राप्त है।

मनीषा सक्सेना ने कहा कि प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक परंपराओं के अपने अनूठे मिश्रण के साथ शादियों में जादू पैदा कर सकता है, राजस्थान के साथ-साथ मध्य प्रदेश, उड़ीसा, हरियाणा, केरल और गोवा वेड-इन-इंडिया के लिए पसंदीदा स्थान हैं। पूर्वोत्तर भी तेजी से एक पसंदीदा डेस्टिनेशन के रूप में उभर रहा है, खासकर असम के चाय बागान, दार्जिलिंग, सिलीगुड़ी, मिजोरम और मणिपुर।

## जैनाचार्य सागर महाराज का निधन

अजमेर। राजस्थान के अजमेर में धर्मप्रभावना कर रहे दिगम्बर जैनाचार्य 108 सुनील सागर महराज के संघस्थ मुनि सम प्रतिष्ठित सागर महाराज का सोमवार को निधन हो गया। सागर महाराज के निधन से जैन समाज में शोक छा गया है। दिगम्बर जैन मुनि संघ सेवा समिति के महामंत्री महावीर अजमेरा ने बताया कि समाधिस्थ मुनि समप्रतिष्ठत सागर जी महाराज अस्वस्थ चल रहे थे। उन्होंने जैन परम्परा में शरीर त्यागने के लिए 24 घंटे में एक बार ग्रहण करने योग्य अन्न-जल भी छोड़ रखा था। आज उन्होंने शरीर त्याग दिया। अजमेर के छोटे धड़े जैन नशियां से दोपहर बाद तीन बजे दिवंगत महाराज की 'डोल यात्रा' विधि विधान से वैशालीनगर छतरी योजना की ओर णमोकार मंत्र के जयकारे और बैण्ड बाजों के साथ रवाना हुई, जहां उनकी पार्थिव देह पंचतत्व में विलीन की गयी। इस दौरान जैन समाज के प्रतिष्ठान भी बंद रखें गये। उल्लेखनीय है कि जैन संत सुनीलसागर महाराज, अपने संघ के साथ कुछ दिनों के लिये ही पहली बार अजमेर आये हैं। संघ में 38 साधु-साध्वियां हैं। इनमें से अब एक कम हो गया है।



# स्काउट गाइड सह शैक्षिक गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन हो : मिश्र

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि राज्य के सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों में स्काउट गाइड सह शैक्षिक गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाना चाहिए। मिश्र सोमवार को राजभवन में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड की विशेष बैठक में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी स्तरों पर वातावरण निर्माण कर कार्य किया जाना चाहिए। राज्यपाल ने स्काउट गाइड में उत्कृष्ट कार्यों के लिए संगठन के सहायक राज्य संगठन आयुक्त विनोद दत्त जोशी को इस अवसर पर चल वैजयंती शील्ड भी प्रदान की।

बैठक में बताया गया कि राज्य सरकार की सौ दिवसीय कार्य योजना के तहत एक हजार 500 नवीन विद्यालयों में स्काउट गाइड समूह का पंजीकरण कर इनकी गतिविधियां प्रभावी की गई है। इसी तरह 8 हजार 826 निष्क्रिय समूहों को सक्रिय किया गया तथा उच्च माध्यमिक विद्यालयों के चार हजार से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। बैठक में इस संगठन के अंतर्गत गुणात्मक वृद्धि के लिए किए गए प्रयासों के बारे में भी बताया गया। राज्यपाल ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि राजस्थान शिक्षा के साथ सह शैक्षिक गतिविधियों में देश भर में अग्रणी है। उन्होंने शिक्षा के साथ विद्यार्थियों में सृजनात्मक क्षमताओं के विकास के लिए निरंतर कार्य किए जाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में भी विद्यार्थियों की क्षमता विकास पर ही अधिक जोर दिया गया है।

मिश्र ने पूरे देश में एक मात्र राजस्थान में स्काउट गाइड के आवासीय विद्यालयों का गठन कर उनका संचालन को भी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने जगतपुरा, जयपुर और खुडी, लक्ष्मणगढ़, सीकर में इस तरह के आवासीय विद्यालयों और वहां की गतिविधियों से विद्यार्थियों में सृजनात्मक क्षमताओं विकास के लिए किए कार्यों की सराहना भी की। उन्होंने राज्य के सभी वित्तपोषित विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड की सहशैक्षिक गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन के साथ इनमें देशभर में राज्य को अग्रणी किए जाने का आह्वान किया। बैठक में बताया गया कि इस समय 60 प्रतिशत से अधिक विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में स्काउट गाइड गतिविधियां संचालित हो रही है। उन्होंने गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय की तर्ज पर महाविद्यालयों और विद्यालयों के लिए सात दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने के लिए भी कार्यवाही किए जाने पर सहमति जताई। उन्होंने इस संगठन में कोटा मनी और फंड के लिए राशि एकत्रण आदि के लिए भी प्रस्तावों के संदर्भ में कार्यवाही किए जाने की आवश्यकता जताई।

राज्यपाल ने स्काउट गाइड संगठन के जरिए युवाओं को अधिकाधिक लाभान्वित किए जाने पर भी जोर दिया। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रीन कोर योजना के तहत स्काउट गाइड संगठन द्वारा ऊर्जा संरक्षण, जल संरक्षण आदि के किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा इन गतिविधियों को और बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने संगठन के आम जन की सेवार्थ किए जा रहे कार्यों को भी अनुकरणीय बताया।

# स्कॉर्पियो की मिनी बस से टक्कर, पांच व्यक्तियों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



झुंझुनू। राजस्थान में झुंझुनू जिले के सिंघाना थाना क्षेत्र थली गांव में सोमवार को एक मोटरसाइकिल को टक्कर मारने के बाद बेकाबू स्कॉर्पियो गाड़ी मिनी बस से टकरा गयी जिससे पांच व्यक्तियों की मौत हो गयी तथा 20 लोग घायल हो गये। मृतकों में बाइक सवार युवक, स्कॉर्पियो में सवार तीन लोग और मिनी बस चालक शामिल हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मोटरसाइकिल को टक्कर मारने के बाद स्कॉर्पियो सामने से आ रही बस में घुस गयी। स्कॉर्पियो में सवार करणवीर, रिंकू पुत्र बलवीर निवासी हमीरवास और कर्णवीर के भांजे राहुल की मौत हो गयी। राहुल नारेडी निजामपुर (हरियाणा) का रहने वाला था। बाइक सवार सुरेश शोभाराम की ढाणी सेफरागुवार (खेतड़ी) ने भी मौके पर दम तोड़ दिया। हादसे में बस चालक हनुमान (45) मानपुरा (सिंघाना) की भी मौत हो गयी। मिनी बस सवारियों से खचाखच भरी हुई थी, मिनी बस सिंघाना से बुहाना जा रही थी। जानकारी के अनुसार कार सवार करणवीर (25) सेना में जवान था, जो हमीरपुर का ही रहने वाला था और रविवार रात को ही छुट्टी लेकर ड्यूटी से घर आया था। करणवीर हाल ही में सेना में भर्ती हुआ था जो जबलपुर में पदस्थ था। कार सवार करणवीर अपने गांव हमीरवास से सिंघाना की तरफ जा रहा था। हमीरवास से थली गांव की दूरी लगभग एक किलोमीटर है। हमीरवास स्थित घर से निकलने के बाद 500 मीटर दूर ही हादसा हो गया। हादसा इतना भीषण था कि वाहनों के परखच्चे उड़ गये। कार पूरी तरह से पिचक गई। बस के शीशे टूट गये और चालक की लाश सामने का कांच तोड़ते हुये डैशबोर्ड पर लटक गयी। टक्कर के बाद कई लोग सड़क पर उछलकर गिर गये। घायलों को लोडिंग वाहनों और एंबुलेस से सिंघाना हॉस्पिटल पहुंचाया गया।

# जेके लोन अस्पताल में प्लाज्मा चोरी प्रकरण में चार सदस्यीय जांच कमेटी गठित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्य सरकार ने जेके लोन अस्पताल, जयपुर में प्लाज्मा चोरी प्रकरण में त्वरित संज्ञान लेते हुए प्रभावी जांच के लिए चार सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। कमेटी में अतिरिक्त निदेशक अस्पताल प्रशासन डॉ. सुशील कुमार परमार, उप वित्तीय सलाहकार श्री सुरेश चंद जैन, अतिरिक्त निदेशक एड्स कंट्रोल सोसायटी डॉ. केसरी सिंह शेखावत एवं औषधि नियंत्रक-प्रथम डॉ. अजय फाटक को शामिल किया गया है। यह कमेटी वर्ष 2023-24 से लेकर आदिनांक तक जेके लोन अस्पताल के ब्लड बैंक के स्टॉक का सत्यापन एवं ऑडिट करेगी। साथ ही, सीसीटीवी फुटेज आदि के माध्यम से अनुसंधान कर तीन दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती शुभ्रा सिंह ने बताया कि प्रदेश के ब्लड बैंकों में अनियमितताओं की आशंका तथा कुछ शिकायतों को देखते हुए 29 अप्रैल 2024 को ही एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई थी। इसमें राज्य के ब्लड ट्रांसफ्यूजन तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए थे। बैठक में प्रदेश के सभी ब्लड बैंकों की ऑडिट के लिए एक सघन अभियान चलाने का निर्णय लिया गया था। श्रीमती सिंह ने बताया कि बैठक में राज्य के समस्त ब्लड बैंकों के गुणवत्ता सुधार एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालन के लिए एक गाइडलाइन तैयार करने के निर्देश दिए गए थे। साथ ही, सभी ब्लड बैंकों को एक सॉफ्टवेयर से जोड़ने के भी निर्देश दिए थे ताकि इनका रियल टाइम ऑनलाइन असेसमेंट हो सके और आमजन को रक्त उपलब्धता की जानकारी पारदर्शिता के साथ ऑनलाइन ही मिल सके।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि जेके लोन अस्पताल में सामने आए प्रकरण की गहन जांच-पड़ताल की जाएगी। जांच में दोषी पाए जाने वाले कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। भविष्य में ब्लड बैंकों में अनियमितताएं नहीं हों इसके लिए एक मजबूत ब्लड ट्रांसफ्यूजन सिस्टम तैयार किया जा रहा है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# ओडिशा में बीजद 'अस्त', चार जून है उसकी सरकार की 'एक्सपायरी डेट' : मोदी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेरहामपुर/नबरंगपुर (ओडिशा)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां दावा किया कि ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) 'अस्त' हो रहा है जबकि विपक्षी कांग्रेस 'पस्त' है, लिहाजा लोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को लेकर आश्वस्त हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने खुद को भगवान जगन्नाथ का पुत्र बताते हुए कहा कि बीजू जनता दल (बीजद) सरकार की 'एक्सपायरी डेट' चार जून है।

राज्य में पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से ओडिशा को देश का नंबर एक राज्य बनाने के लिए भाजपा को एक मौका देने का आग्रह किया। ओडिशा के आदिवासी बहुल क्षेत्र नबरंगपुर में एक अन्य रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने दावा किया कि उनकी सरकार मूल निवासियों के कल्याण के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा, आपने मोदी के नेतृत्व के दस साल के ट्रैक रिकॉर्ड को देखा है। मोदी ने आदिवासी कल्याण के लिए बजट को पहले के आवंटन की तुलना में पांच गुना बढ़ा दिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दावा किया कि केंद्र की सरकार ने आदिवासी इलाकों में 'एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल' स्कूल स्थापित किए हैं और ऐसे स्कूलों की संख्या 400 के पार पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि उनके मंत्रालय में सात प्रतिशत लोग एसटी, एससी और ओबीसी श्रेणी के हैं।

मोदी ने यह भी दावा किया कि ओडिशा को आयुष्मान भारत योजना से कोई फायदा नहीं हुआ क्योंकि बीजद सरकार ने इसे राज्य में लागू नहीं किया। उन्होंने कहा कि ओडिशा की जनता ने 50 साल तक कांग्रेस के शासन को देखा और पिछले 25 साल से बीजद को देख रही है। मोदी ने लोगों से ओडिशा को देश का नंबर एक राज्य बनाने के लिए भाजपा को एक मौका देने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा, सभी ने देखा कि क्या हुआ। ओडिशा की भूमि उर्वरक है, यह खनिज संपदा से संपन्न है। यहां समुद्र तट भी हैं। बेरहामपुर जैसा व्यवसायिक केन्द्र है। यहां संस्कृति और विरासत... क्या नहीं है! फिर भी समृद्ध ओडिशा के लोग गरीब रह गए। इस पाप का कौन जिम्मेदार है? जवाब साफ है- कांग्रेस और बीजद। उन्होंने कहा, लेकिन अब ओडिशा में बीजद अस्त है, कांग्रेस पस्त है और लोग भाजपा पर आश्वस्त हैं और सिर्फ भाजपा उम्मीदों का नया सूरज बनकर आई है।

## विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेता पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं: भाजपा



**नई दिल्ली/ भाषा।** भाजपा ने विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' ('इंडिया') के नेताओं द्वारा दिए गए कुछ बयानों का उल्लेख करते हुए उन्हें राष्ट्र हित के खिलाफ बताया और विपक्ष पर पाकिस्तान की बोली बोलने का आरोप लगाते हुए लोगों को उनसे सावधान रहने को कहा।

भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता विजय वडेट्टीवार के उन आरोपों का हवाला दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि आतंकवादी अजमल कसाब ने नहीं बल्कि आरएसएस से जुड़े पुलिस अधिकारी ने आतंकवाद निरोधक दस्ते के तत्कालीन प्रमुख हेमंत करकरे की हत्या की थी। त्रिवेदी ने इस क्रम में पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के उस दावे का भी हवाला दिया जिसमें उन्होंने जम्मू कश्मीर में सैन्य कर्मियों पर हमले को 'चुनावी स्टंट' बताया था। उन्होंने पांच अन्य उदाहरणों का उल्लेख किया, जिनमें पाकिस्तानी नेता चौधरी फवाद हुसैन द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना और राहुल गांधी की प्रशंसा करना तथा नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला द्वारा पाकिस्तान के पास परमाणु हथियार होने के दावे का उल्लेख शामिल है।



### आतंकी हमलों के दौरान

## वोट बैंक के चलते कांग्रेस, टीएमसी ने साधी चुप्पी : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल)/ भाषा।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) शासन के समय देश में आतंकी हमलों के दौरान चुप्पी साधे रखने का आरोप लगाया। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और टीएमसी ने आतंकी हमलों के दौरान इसलिए चुप्पी साधे रखी क्योंकि उन्हें अपने ''वोट बैंक के नाराज होने का भय था। शाह ने दावा किया कि जहां भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के 10 साल के कार्यकाल की विशेषता आतंकवाद पर सख्त रुख और राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर कोई समझौता नहीं करना है, वहीं कांग्रेस नीत संप्रग सरकार आतंक पर नरम थी। उन्होंने कहा कि उक्त संप्रग सरकार की टीएमसी भी एक सहयोगी थी।

वह बर्धमान-दुर्गापुर निर्वाचन क्षेत्र के दुर्गापुर में एक रैली को संबोधित कर रहे थे।

शाह ने कहा, कांग्रेस शासन (2004-2014 तक संप्रग शासन) के दौरान देश में आतंकवादी हमले हुए तो कांग्रेस और टीएमसी ने अपनी वोट बैंक की राजनीति के कारण एक शब्द भी नहीं बोला। टीएमसी तब कांग्रेस सरकार का हिस्सा थी। उन्हें डर था कि यदि उन्होंने आतंकवाद पर कड़ा रुख अपनाया तो उनका वोट बैंक नाराज हो जाएगा।



## भाजपा ओडिशा में सरकार बनाने का सपना दिन में देख रही है : पटनायक

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के मुख्यमंत्री और बीजू जनता दल (बीजद) के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने सोमवार को कहा कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनाने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दावा 'दिन में सपने' देखने जैसा है। मोदी ने ओडिशा के बरहामपुर और नबरंगपुर में दो चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए आज कहा कि बीजद की 'एक्सपाइरी डेट' चार जून है जब विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित किए जाएंगे। ओडिशा में लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव साथ साथ हो रहे हैं और मतगणना चार जून को होगी। पटनायक ने इस बार ओडिशा में सरकार बनाने के भाजपा के दावों पर अपने विश्वस्त सहयोगी वी के पांडियन के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, भाजपा कई दिनों से दिन में सपने देख रही है। ओडिशा में भाजपा के सरकार बनाने संबंधी मोदी के दावे पर पांडियन ने कहा, नवीन पटनायक नौ जून को सुबह साढ़े 11 बजे से दोपहर डेढ़ बजे के बीच लगातार छठी बार ओडिशा के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।

## सपा और कांग्रेस का इतिहास प्रभु राम का विरोध करने का है : योगी आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**उन्नाव/हरदोई (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए सोमवार को कहा कि इन दोनों ही पार्टियों का इतिहास प्रभु राम का विरोध करने का रहा है।

मुख्यमंत्री ने उन्नाव से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार साक्षी महाराज के पक्ष में आयोजित एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस और सपा का इतिहास प्रभु राम का विरोध करने वाला रहा है। कांग्रेस कहती थी कि प्रभु राम हुए ही नहीं जबकि सपा कहती थी कि अयोध्या में एक भी परिंदा पर नहीं मार सकता है। यह इनका दोहरा चरित्र है। ऐसे में आप सभी को इन पर कभी विश्वास नहीं करना है। आदित्यनाथ ने आरोप लगाते हुए कहा, सपा अपने शासनकाल में आतंकवादियों के मुकदमे वापस ले रही थी। इन लोगों ने अयोध्या, रामपुर में सीआरपीएफ कैंप, काशी में संकटमोचन मंदिर, लखनऊ, अयोध्या और वाराणसी की कचहरी पर हमला करने वाले आतंकियों के मुकदमों को वापस लेने का प्रयास किया था। उन्होंने कहा, इस पर न्यायालय ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा था कि आज आप इनके मुकदमे वापस लेने की बात कह रहे हैं और कल इन्हें पद्म पुरस्कार से नवाजेंगे। इसके बाद न्यायालय ने समाजवादी पार्टी को रोका था। सरकार का यह कृत्य खतरनाक व निंदनीय है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में जहां एक ओर रामलला विराजमान हो गए हैं, वहीं दूसरी ओर बड़े-बड़े माफिया की 'राम नाम सत्य की यात्रा' निकल रही है। उन्होंने कहा, इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घोषणापत्र में अल्पसंख्यकों को खाने-पीने की पूरी स्वतंत्रता देने की बात कही गई है। यह जनता को नहीं बता रहे हैं कि ऐसा कौन सा खानपान है जो बहुसंख्यक समाज नापसंद करता है। आदित्यनाथ ने कहा, दरअसल, बहुसंख्यक समाज गो माता की पूजा करता है और वह गोकशी को बर्दाश्त नहीं कर सकता है। वहीं अल्पसंख्यक समाज गोमांस पंसद करता है।

## हेमंत सोरेन ने शेरो-शायरी के जरिए भाजपा पर कटाक्ष किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रांची/भाषा।** जेल में बंद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मशहूर शायर नफस अम्बावली के शेर से सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भले ही उसे लगता हो कि उनकी 'उड़ान कुछ कम है' लेकिन उन्हें ऐसा नहीं लगता है।

सोरेन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपनी तस्वीरों के साथ इस शेर को पोस्ट किया है। तस्वीरों में वह सफेद कुर्ता पायजामा पहने दिख रहे हैं और उन्होंने दाढ़ी रखी है। वह रामगढ़ में नेमरा के अपने पुश्तैनी गांव जा रहा थे। झारखंड उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को सोरेन को जमानत देने से इनकार कर दिया था और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने को चुनौती देने वाली उनकी रिट याचिका को भी खारिज कर दिया था, लेकिन उन्हें छह मई को पुलिस हिरासत में चाचा राजाराम सोरेन के अंतिम संस्कार में शामिल होने की अनुमति दे दी थी। हेमंत सोरेन ने कहा, उसे गुमां (घमंड) है कि मेरी उड़ान कुछ कम है, मुझे यकीं (विश्वास) है कि ये आसमान कुछ कम है।

## बंगाल में बम विस्फोट में किशोर की मौत

**सांसद ने घटना की एनआईए जांच की मांग के साथ सड़क जाम किया**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में सोमवार को एक बम विस्फोट में एक किशोर की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद लॉकेट चटर्जी ने घटना की एनआईए जांच की मांग करते हुए दो घंटे से अधिक समय तक एक सड़क को जाम कर दिया। घटना हुगली जिले के पांडुआ में एक तालाब के पास घटी जहां कुछ लड़के खेल रहे थे तभी विस्फोट हो गया। पुलिस ने बताया कि विस्फोट में घायल हुए एक लड़के की पांडुआ के एक अस्पताल में मौत हो गई, वहीं दो अन्य घायल किशोरों को बेहतर उपचार के लिए चिनसुराह के एक अस्पताल में भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि सुबह करीब साढ़े आठ बजे हुए विस्फोट की जांच शुरू हो गई है।

भाजपा सांसद ने सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जीटी रोड को अवरुद्ध कर दिया और आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के 'गुंडे' क्षेत्र में अपने राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के कार्यक्रम से पहले दहशत का माहौल पैदा करने के लिए विस्फोट की घटना में शामिल थे। उन्होंने पीटीआई- भाषा से कहा पांडुआ के लोगों के साथ मैं निर्दोष लड़कों के परिवारों के लिए न्याय की मांग करती हूं। राज्य पुलिस घटना की गहन और निष्पक्ष जांच करने में असमर्थ है। हम इस घटना की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से कराना चाहते हैं।

## कांग्रेस ने आदिवासियों को वोट बैंक समझा, मोदी ने उन्हें सम्मान दिया : अर्जुन मुंडा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**खूंटी (झारखंड)/भाषा।** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सोमवार को दावा किया कि कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन ने आदिवासियों को महज वोट बैंक बना दिया, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने यह सुनिश्चित किया कि इन लोगों को उचित सम्मान मिले। कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि पार्टी का मानना था कि जंगलों में रहने वाले आदिवासी स्वभाव से अपराधी थे और अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली तत्कालीन सरकार ने सबसे पहले उनके कल्याण में रुचि ली।

मुंडा ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ एक साक्षात्कार में कहा, कांग्रेस ने 60 साल के अपने शासन में आदिवासियों को केवल वोट बैंक के रूप में देखा, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि उन्हें उचित पहचान और सम्मान मिले। यही कारण है कि प्रधानमंत्री ने पीवीटीजी (विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों) के लिए 24,000 करोड़ रुपए के कार्यक्रम सहित विभिन्न योजनाओं की शुरुआत के लिए खूंटी को चुना। केंद्रीय आदिवासी और कृषि मंत्री मुंडा खूंटी आरक्षित सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं, जिसकी पहचान आदिवासी नायक बिरसा मुंडा से है।

वर्ष 2019 में मुंडा ने खूंटी लोकसभा सीट पर 1,445 वोट के मामूली अंतर से जीत हासिल की और एक बार फिर कांग्रेस उम्मीदवार कालीचरण मुंडा से उनका सीधा मुकाबला है। उन्होंने दावा किया, यह सच है कि आदिवासी समाज को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया गया। उनके लिए कोई योजना नहीं थी, कोई नीति नहीं थी। बाद में भी जब उनके अधिकारों को मान्यता दी गई, तो कांग्रेस ने यह सुनिश्चित किया कि आदिवासी मुद्दे गृह विभाग के अंतर्गत आएं। उनका मानना था कि जंगल में रहने वाले लोग स्वभाव से अपराधी थे। मुंडा ने कहा कि यह तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी थे जिन्होंने आदिवासी समाज के कल्याण में रुचि ली और बाद में मोदी ने

## झूठे वादों पर चुनाव जीतने का कांग्रेस का सपना चार जून को टूट जाएगा : अनुराग ठाकुर



**हमीरपुर (हिप्र)/ भाषा।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को दावा किया कि कांग्रेस भ्रम में जी रही है और झूठे वादों पर चुनाव जीतने का उसका सपना चार जून को तब टूट जाएगा जब नतीजे घोषित किए जाएंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि वह अपना नारा 'डरो मत' भूल गए हैं और लोकसभा चुनाव में हार के डर से एक सीट से दूसरी सीट पर भाग रहे हैं। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, पहले वह अमेठी से वायनाड भागे और अब वह राय बरेली से चुनाव लड़ रहे हैं। राय बरेली से भी कांग्रेस का सूपड़ा साफ होना निश्चित है।

हमीरपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे ठाकुर ने दावा किया कि संसदीय सीट के लोग उनके साथ हैं और इस बार उनकी जीत का अंतर पिछली बार से ज्यादा होगा। वह 2019 के चुनाव में करीब चार लाख मतों के अंतर से जीते थे। चार बार के सांसद ठाकुर ने उम्मीद जताई कि भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 400 से ज्यादा सीट जीतेगा।

## भाजपा ने लोकसभा चुनाव जीतने के लिए झूठ का खाका तैयार किया : ममता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**साईंथिया (पश्चिम बंगाल)/ भाषा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लोकसभा चुनाव जीतने के लिए झूठ का खाका तैयार कर रही है।

बीरभूम संसदीय सीट से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के मौजूदा सांसद और उम्मीदवार शताब्दी रॉय के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए बनर्जी ने भाजपा पर आरोप लगाया कि उसके पास राष्ट्रीय स्तर के दो शीर्ष नेता हैं, जो पूरे देश को लूट रहे हैं, लेकिन अपने पापों को छुपाने के लिए बंगाल को बदनाम कर रहे हैं। बीरभूम जिले के साईंथिया में रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, भाजपा झूठ फैलाकर चुनाव जीतने का खाका तैयार कर रही है। क्या आप दंगों की साजिश रचने वाले प्रधानमंत्री को वोट करेंगे? भाजपा पर संदेशखालि को लेकर झूठा विमर्श गढ़ने का आरोप लगाते हुए बनर्जी ने कहा, आपने (भाजपा ने) बंगाल की करोड़ों माताओं-बहनों का अपमान किया है। आपने उन्हें आरोप लगाने के लिए पैसे दिए। आपको ऐसे कृत्य पर शर्म आनी चाहिए। बनर्जी ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार प्रिंट और डिजिटल मीडिया में विज्ञापन देने पर करोड़ रुपए खर्च कर रही है, लेकिन बंगाल के गरीब लोगों का

## ममता ओछी राजनीति कर रही हैं : पश्चिम बंगाल के राज्यपाल बोस



**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने एक महिला कर्मचारी द्वारा उनके खिलाफ छेड़छाड़ की शिकायत का मुद्दा चुनावी रैलियों में उठाने को लेकर सोमवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह ओछी राजनीति कर रही हैं।

यहां कोलकाता हवाई अड्डे पर बोस ने कहा कि वह राज्यपाल के सम्मानित पद को लेकर बनर्जी को ''दीदीगिरी'' नहीं करने देंगे। बोस ने केरल से लौटने पर कहा, ममता बनर्जी ओछी राजनीति कर रही हैं। फिर भी, मैं उन्हें बचाने के लिए भगवान से प्रार्थना करूंगा, लेकिन यह भगवान के लिए भी मुश्किल है। मैं राज्यपाल के सम्मानित पद को लेकर इस दीदीगिरी को कभी स्वीकार नहीं करूंगा। मुझे बस इतना ही कहना है। राजभवन की संविदा महिला कर्मचारी ने शुक्रवार को राज्यपाल पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए कोलकाता पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी।

# महिला टी20: भारत ने बांग्लादेश को हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**सिलहट/भाषा।** कप्तान हरमनप्रीत कौर की उम्दा पारी के बाद दीप्ति शर्मा की अगुआई में गेंदबाजों के प्रभावी प्रदर्शन से भारत ने वर्षा से प्रभावित 14 ओवर के चौथे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में सोमवार को यहां बांग्लादेश को डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत 56 रन से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज करते हुए पांच मैच की शृंखला में 4-0 की बढ़त बनाई। भारत ने हरमनप्रीत (39) और रिचा घोष (24) के बीच चौथे विकेट की 44 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 122 रन बनाए।

सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (22) और डी हेमलता (22) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं। डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत बांग्लादेश को 125 रन का लक्ष्य मिला लेकिन दीप्ति शर्मा (13 रन पर दो विकेट), आशा शोभना (18 रन पर दो विकेट) और राधा यादव (12 रन पर एक विकेट) की फिरकी के जादू के सामने मेजबान टीम कभी लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में नहीं दिखी और सात विकेट पर 68 रन ही बना सकी। बांग्लादेश की ओर से सलामी बल्लेबाज दिलारा अख्तर (21), रूबिया हैदर (13) और शोरिफा खातून (नाबाद 11) ही दोहरे अंक में पहुंच सकीं। लक्ष्य का पीछा करने उतरे बांग्लादेश की शुरुआत काफी धीमी रही और टीम पावर प्ले के चार ओवर में एक विकेट पर 21 रन ही बना सकी। टीम ने इस दौरान मुर्शीदा खातून (01) का विकेट गंवाया जिन्हें दीप्ति ने विकेटकीपर रिचा के हाथों कैच कराया। दिलारा 25 गेंद में दो चौकों से 21 रन की धीमी पारी खेलने के बाद दीप्ति की गेंद पर पगबाधा हो गईं। एक गेंद बाद रूबिया भी रन आउट हो गईं।

शोभना ने कप्तान निगारा सुल्ताना (01) को पगबाधा किया जिससे चार गेंद के भीतर बांग्लादेश का स्कोर एक विकेट पर 38 रन से चार विकेट पर 39 रन हो गया। राधा ने इसके बाद रितु मोनी (01) जबकि शोभना ने शोर्ना अख्तर (05) को पवेलियन भेजा। बांग्लादेश के रनों का अर्धशतक 11वें ओवर में पूरा हुआ।

# कोहली सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक, उनके खिलाफ रणनीति बनाएंगे : बाबर आजम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लाहौर/भाषा।** पाकिस्तान के सीमित ओवरों के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि विराट कोहली भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से हैं और अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप में उनके बल्ले पर अंकुश लगाने के लिए रणनीति जरूर बनाई जायेगी।

टी20 विश्व कप अमेरिका और वेस्टइंडीज में एक जून से शुरू होगा जिसमें भारत और पाकिस्तान नौ जून को न्यूयॉर्क में आमने सामने होंगे। यहां प्रेस कांफ्रेंस में उनसे पूछा गया कि क्या वह शानदार फॉर्म में चल रहे कोहली के खिलाफ रणनीति बनाएंगे, इस पर उन्होंने कहा कि एक टीम के रूप में विरोधी के टीम सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ रणनीति बनाई ही जाती है। उन्होंने कहा, हम दूसरी टीमों के सभी 11 खिलाड़ियों के खिलाफ रणनीति बनाते हैं। हमें न्यूयॉर्क के हालात के बारे में ज्यादा पता नहीं है लेकिन वह (कोहली) सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है और हम उसके खिलाफ भी रणनीति बनाएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि गैरी कर्स्टन को सफेद गेंद के प्रारूप का मुख्य कोच बनाये जाने से पाकिस्तानी टीम का प्रदर्शन ग्राफ ऊपर जायेगा। कर्स्टन को पिछले महीने दो साल के लिए पाकिस्तान का मुख्य कोच बनाया गया है।उनके कोच रहते भारत ने 2011 वनडे विश्व कप जीता था। वह 2008 से 2011 तक भारत के और 2011 से 2013 तक दक्षिण अफ्रीका के कोच रहे हैं। बाबर ने कहा, वह काफी अनुभवी कोच है। उनकी मौजूदगी से हमें फायदा मिलेगा। वह विश्व कप की रणनीति बनाने में काफी रूचि ले रहे हैं और टीम प्रबंधन के साथ रणनीति पर चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि टीम में कप्तानी को लेकर कोई मतभेद नहीं हैं और वह दूसरी बार कमान संभालकर रोमांचित हैं। उन्होंने कहा, मैने बतौर कप्तान पहले भी अपने खिलाड़ियों के दम पर कामयाबी पाई और इस बार भी यही सत्य है। अहम यह है कि बोर्ड पूरी तरह से हमारे साथ है।

## सुविचार

कितने भी दलदल हो जिंदगी में पैर जमाए ही रखना, चाहें हाथ खाली हो जिंदगी में लेकिन उसे उठाए ही रखना, कौन कहता है छलनी में पानी रुक नहीं सकता, अपना हौसला बर्फ ज़मने तक बनाए रखना।

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# ऐसा मौका न दें

पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने पुंछ आतंकी हमले के बारे में जो बयान दिया, वह देश के लिए बलिदान हुए वीर सैनिकों के परिवारों के लिए किसी आघात से कम नहीं है। भारतीय सैनिक देश की रक्षा के लिए वर्दी पहनता है। जब कभी दुश्मन से उसका सामना होता है तो वह अपनी परवाह किए बिना जान की बाजी लगा देता है, ताकि उसके देशवासी सुरक्षित रहें। आश्चर्य की बात है कि चन्नी को इसमें भाजपा को जीत दिलाने के लिए किया गया 'स्टंट' नजर आ रहा है! चन्नी कोई नए-नवेले नेता नहीं हैं। वे पंजाब के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। इस राज्य ने अतीत में पाक प्रायोजित आतंकवाद के कारण बहुत मुश्किल दौर देखा है। उसके पूर्व मुख्यमंत्री से ऐसे बयान की उम्मीद नहीं थी। पुंछ में भारतीय वायुसेना के काफिले पर हुए आतंकी हमले से संबंधित एक सवाल के जवाब में उनका यह कहना कि 'हमले नहीं हो रहे हैं', देश के सुरक्षा बलों और एजेंसियों की कार्य-प्रणाली पर ही प्रश्नचिह्न है। अगर हमले नहीं हो रहे हैं तो हमारे जवान वीरगति को क्यों प्राप्त हो रहे हैं, उनका खून क्यों बह रहा है? क्या चन्नी के पास ऐसी कोई विश्वसनीय खुफिया रिपोर्ट है, जिससे साबित होता हो कि पाकिस्तान की ओर से हमले नहीं हो रहे हैं और इधर कोई स्टंट चल रहा है? जब वरिष्ठ नेता कोई बयान देते हैं तो उसकी तस्दीक करने के लिए सबूत की जिम्मेदारी भी उन पर ही आती है। आज पाकिस्तान की ओर से होने वाले आतंकी हमले काफी कम हो गए हैं तो इसका मतलब यह नहीं है कि उसने (पाक) आतंकवाद का रास्ता छोड़ दिया है। वह आर्थिक रूप से तबाही के कगार पर पहुंचने के बावजूद आतंकवादी गतिविधियों में लगा हुआ है। पीओके में कई कैंप चल रहे हैं, जहां तैयार हो रहे आतंकवादी एलओसी पार कर इधर खून-खराबा करने का मंसूबा बनाए बैठे हैं।

यह तो भारतीय सैनिकों का शौर्य और हमारी खुफिया एजेंसियों की सतर्कता है कि ऐसे ज्यादातर आतंकवादी इधर आने से पहले ही ढेर कर दिए जाते हैं। भारत में उनकी हिमायत करने वालों पर भी शिकंजा कसा जा रहा है। अब तक कई मॉड्यूल ध्वस्त किए जा चुके हैं। आतंकवादी संगठनों की कमर तोड़ने के लिए उन लोगों के खिलाफ सख्ती बरती जा रही है, जो उन्हें आर्थिक मदद मुहैया कराते हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा बहुत गंभीर मुद्दा होता है। किसी देश में काफी निवेश आ रहा है, कारोबार खूब चल रहा है, लोग खुशहाल हैं ... लेकिन अचानक राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे में पड़ जाए तो ये बातें कोई मायने नहीं रखतीं। देश में प्रगति, खुशहाली, विकास जैसी बातें तभी संभव हैं, जब वह अंदरूनी और बाहरी, दोनों तरफ से सुरक्षित हो। चन्नी ने जो बयान दिया, पाकिस्तान उसका फायदा उठाने की कोशिश कर सकता है। आईएसआई के इशारे पर चलने वाला उसका मीडिया दिन-रात यह प्रकाशित-प्रसारित करेगा कि 'भारत में आतंकवादी हमले स्टंट का नतीजा हैं ... हम तो मुफ्त में बदनाम हो रहे हैं ... ऐसी घटनाओं में हमारा कोई हाथ नहीं होता है।' आईएसपीआर (पाक सशस्त्र बलों की मीडिया शाखा) भारतीय टीवी चैनलों पर नजर गड़ाए रहती है कि कब उसे 'मसालेदार' सामग्री मिले और वह उसका इस्तेमाल भारत के खिलाफ करे! यह कहना गलत नहीं होगा कि भारत में काफी लोग जाने-अनजाने में उसे ऐसी सामग्री मुहैया करा देते हैं। उसके बाद आईएसपीआर और आईएसआई इस सामग्री का हथियार के तौर पर इस्तेमाल करती हैं और दुनियाभर में भारत के खिलाफ दुष्प्रचार करती हैं। इसलिए वरिष्ठ नेता ऐसा कोई बयान न दें, जिससे दुश्मन को हंसने का मौका मिले।

## ट्वीटर टॉक



75 साल में माताओं-बहनों का दुःख-दर्द सिर्फ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी समझ पाए हैं। माताओं-बहनों की पीड़ा को समझते हुए शौचालयों का निर्माण करवाया। जल जीवन मिशन के तहत घर-घर तक नल से जल पहुंचाया जा रहा है।

**-भजनलाल शर्मा**



झुंझनूं के सिंघाना थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में 5 लोगों के निधन का हृदयविदारक समाचार प्राप्त हुआ। प्रभु श्रीराम, दिवंगत आत्माओं को शांति एवं परिजनों को वज्रपात सहन करने की शक्ति दें। मैं घायलों के लिए शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने की कामना करती हूँ।

**-दीया कुमारी**



जो ओडिशा की मिट्टी, यहां की संस्कृति को अपने सिर-माथे लगाकर चलेगा, उसे ही भाजपा अपना सीएम बनाएगी। जो यहां की समस्या जानता हो, जो यहां के समाधान जानता हो, जो जनता से जुड़ा हो, भाजपा ऐसा सीएम देगी, ये मोदी की गारंटी है।

**-नरेन्द्र मोदी**

## प्रेरक प्रसंग

# दृष्टि बदलने से सुख

आदि शंकराचार्य आध्यात्मिक विभूति थे। उन्होंने उपनिषदों का भाष्य किया और अनेक प्रेरणादायक पुस्तकों की रचना की। हिमालय यात्रा के दौरान एक निराश गृहस्थ ने उनसे पूछा, 'सांसारिक दुखों के कारण में आत्महत्या कर लेना चाहता हूं।' शंकराचार्य ने कहा, 'यह मानव जीवन असीम पुण्यों के कारण मिलता है। निराश होने के बजाय केवल अपनी दृष्टि बदल दो, दुःख व निराशा से मुक्ति मिल जाएगी।' उन्होंने बताया, कामनाएं अशांति का मुख्य कारण हैं। कामनाओं को छोड़ते ही अधिकांश समस्याएं स्वतः हल हो जाएंगी। धर्मानुसार संयमित व सात्विक जीवन बिताने वाला कभी दुखी नहीं हो सकता।' उन्होंने यह भी कहा है कि काल किसी की प्रतीक्षा नहीं करता। इसलिए वृद्धावस्था में लंबा जीने की आशा रखना, भगवत भजन में मन न लगाना, सांसारिक प्रपंचों में फंसे रहना मूढ़ता का ही परिचायक है। ज्ञानी और विवेकी वह है, जो भगवान की भक्ति में लगा रहता है।

## सामयिक



कांग्रेस की नीति एवं नियत भी संदेह के घेरों में हैं। क्या कारण है कि पड़ोसी देश पाकिस्तान के नेता अब दुआ कर रहे हैं कि कांग्रेस का शहजादा' भारत का प्रधानमंत्री बने। दुश्मन राष्ट्र के नेता अगर किसी व्यक्ति या नेता के प्रधानमंत्री बनने की कामना करते हैं तो निश्चित ही उस देश का हित जुड़ा होता है। पड़ोसी देश भले ही राहुल गांधी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहता हो लेकिन भारत की जनता अपने हितों की रक्षा करते हुए विवेकपूर्ण मतदान के लिये तत्पर है। भारत मजबूत प्रधानमंत्री वाला मजबूत देश चाहता है।

# कांग्रेस की दिशाहीनता एवं बढ़ता पलायन

ललित गर्ग

मोबाइल : 9811051133

लोकसभा के चुनाव उग्र से उग्रतर होते जा रहे हैं, लोकतंत्र के महायज्ञ की 7 मई को आधी से ज्यादा आहुति पूरी होने वाली है, पहले चरण में 102 और दूसरे चरण में 88 सीटों पर मतदान हो चुका है। तीसरे चरण में 94 सीटों पर मतदान होने वाला है। इसके बाद 543 में से आधे से अधिक यानी 284 सीटों पर मतदान पूर्ण हो जाएगा। जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहे हैं, कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। भाजपा की ओर रुख करते नेताओं ने कांग्रेस की नींद उड़ा कर रख दी है। यह सिलसिला आगे भी जारी रहने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आक्रामक, तीक्ष्ण एवं तीखे आरोप लगाने वाली कांग्रेस पार्टी में लगातार हो रही टूट एवं पार्टी छोड़ने के कांग्रेसी नेताओं के सिलसिले को रोक नहीं पा रही है। इस बड़े संकट से बाहर निकलने का रास्ता कांग्रेस को नहीं सूझ रहा है। कांग्रेस के लिए लोकसभा चुनाव के दौरान सबसे बड़ा झटका इंदौर में लगा, जहां से पार्टी के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने नामांकन वापसी के अंतिम दिन मैदान ही छोड़ दिया और वो भाजपा में शामिल हो गए। इससे पहले विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडि' को खजुराहो में झटका लगा था, जहां आपसी समझौते के चलते यह सीट समाजवादी पार्टी को दी गई थी। समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार मीरा दीपक यादव का पर्चा निरस्त हो गया। इस तरह राज्य की 29 लोकसभा सीटों में से दो-खजुराहो और इंदौर ऐसी है जहां से कांग्रेस मुकाबले में ही नहीं है। कांग्रेस प्रवक्ता राधिका खेड़ा एवं दिल्ली के कांग्रेसी नेता अरविन्द सिंह लवली ने 'नाइंसाफी' के कारण पार्टी से इस्तीफा दिया है। लवली तो अपने अन्य साथियों के साथ भाजपा में शामिल हो गये हैं। पुरी से कांग्रेस प्रत्याशी सुचारिता महंती ने यह कहते हुए टिकट लौटा दिया कि पार्टी चुनाव लड़ने के लिए धन नहीं दे रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके क्षेत्र में ओडिशा विधानसभा चुनावों के लिए कमजोर उम्मीदवार उतारे गए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व में राजनीतिक अपरिपक्वता, दिशाहीनता एवं निर्णय-क्षमता का अभाव है। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कांग्रेस कई राज्यों में बेमन से चुनाव लड़ रही है।

आज के परिदृश्यों में कांग्रेस अनेकों विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरी है। चुनाव प्रचार हो या उम्मीदवारों का चयन, राजनीतिक वायदें हो या चुनावी मुद्दें हर तरफ कांग्रेस कई विरोधाभासों से घिरी है। उसकी सारी नीतियों में, सारे निर्णयों में, व्यवहार में, कथन में विरोधाभास स्पष्ट परिलक्षित है। यही कारण है कि उसकी राजनीति में सत्य खोजने से भी नहीं मिलता। उसका व्यवहार दोगला हो गया है। दोहरे मापदण्ड अपनाने से उसकी हर नीति, हर निर्णय समाधानों से ज्यादा समस्याएं पैदा कर रही हैं। यही कारण है कि कांग्रेस नेताओं के पार्टी छोड़ने या फिर चुनाव लड़ने से इन्कार करने का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। यह निर्णय क्षमता का अभाव ही है या हार का डर कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने क्रमशः अमेठी और रायबरेली से चुनाव लड़ने का निर्णय लेने में बड़ी कोताही बनती है। अब राहुल ने अमेठी में स्मृति ईरानी का सामना करने में स्वयं को अक्षम पाया तो रायबरेली से नामांकन पत्र दाखिल कर दिया और प्रियंका एक बार फिर चुनाव लड़ने से दूर ठिठक गईं। राहुल गांधी का अमेठी के बजाय रायबरेली से चुनाव लड़ना भी कांग्रेस की दिशाहीनता का सूचक है। यह हास्यास्पद है कि गांधी परिवार के करीबी एवं चाटुकार कांग्रेस नेता राहुल के अमेठी से चुनाव न लड़ने के फैसले को यह कहकर बड़ी राजनीति जीत बता रहे हैं कि पार्टी ने स्मृति इरानी का महत्व कम कर दिया। क्या सच यह नहीं कि कांग्रेस ने अमेठी से स्मृति इरानी की जीत सुनिश्चित करने का काम किया है? राहुल गांधी का दो-दो सीटों से का चुनाव लड़ना भी यह दर्शाता है कि दोनों में से एक सीट पर तो वे जीत हासिल कर ही लेंगे। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 का सेक्शन 33 प्रत्याशियों को अधिकतम दो सीटों से चुनाव लड़ने की अनुमति भी देता है। देश में लोकतंत्र की जड़ें लगातार मजबूत हो रही हैं। ऐसे में नेताओं के एक से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने को लेकर विसंगतियां भी सामने आ रही हैं। विमर्श इस बात पर हो रहा है कि जब एक व्यक्ति को एक वोट का अधिकार है तो प्रत्याशी को दो सीटों पर चुनाव लड़ने की अनुमति क्यों होनी चाहिए? नेता अपने राजनीतिक हितों के लिए एक साथ दो सीटों पर चुनाव लड़ते हैं और दोनों सीटों पर चुनाव जीतने की स्थिति में अपनी सुविधानुसार एक सीट से इस्तीफा दे देते हैं। कानूनी रूप से उनके लिए ऐसा करना जरूरी भी है। फिर उस सीट पर उपचुनाव होता है।

इसमें न सिर्फ करदाताओं का पैसा खर्च होता है बल्कि उस क्षेत्र के मतदाता भी ठगा हुआ महसूस करते हैं। इस बात की पड़ताल जरूरी है कि दो सीटों से चुनाव लड़कर राहुल गांधी भारतीय लोकतंत्र को मजबूत कर रहे हैं या इस व्यवस्था से सिर्फ अपने राजनीतिक हित साध रहे हैं?

भले ही राहुल गांधी चुनाव प्रचार के दौरान बेहद आक्रामक दिख रहे हों, लेकिन वह अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं में जोश नहीं भर पा रहे हैं। इसका एक कारण गठबंधन के नाम पर अपने पुराने मजबूत गढ़ों में भी अपनी राजनीतिक जमीन छोड़ना है। यह कांग्रेस ही लगातार कमजोर होती राजनीति ही है कि वह जीत की संभावना वाली सीटों को भी महागठबंधन के अन्य दलों को दे रही है। ऐसे ही निर्णयों के चलते कांग्रेसजनों के लिए भी यह समझना कठिन है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी से समझौता करने से पार्टी को क्या हासिल होने वाला है? इस बार गांधी परिवार दिल्ली में उस आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों को बोट देगा, जिसने उसे रसातल में पहुंचाया। इस तरह के मामले केवल यही नहीं बताते कि कांग्रेस उपयुक्त प्रत्याशियों का चयन करने में नाकाम है, बल्कि यह भी इंगित करते हैं कि उसके पास अपनी खोई हुई जमीन वापस पाने और अपने कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करने की कोई ठोस रणनीति नहीं है।

कांग्रेस की नीति एवं नियत भी संदेह के घेरों में हैं। क्या कारण है कि पड़ोसी देश पाकिस्तान के नेता अब दुआ कर रहे हैं कि कांग्रेस का शहजादा' भारत का प्रधानमंत्री बने। दुश्मन राष्ट्र के नेता अगर किसी व्यक्ति या नेता के प्रधानमंत्री बनने की कामना करते हैं तो निश्चित ही उस देश का हित जुड़ा होता है। पड़ोसी देश भले ही राहुल गांधी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहता हो लेकिन भारत की जनता अपने हितों की रक्षा करते हुए विवेकपूर्ण मतदान के लिये तत्पर है। भारत मजबूत प्रधानमंत्री वाला मजबूत देश चाहता है। नए भारत के सर्जिकल और 'एयर स्ट्राइक' ने उस पाकिस्तान को हिलाकर रख दिया था जिसे कांग्रेस शासन के दौरान भारत पर आतंकी हमलों का समर्थन करने के लिए जाना जाता था। कांग्रेस ने बहुसंख्यक समुदाय की भावनाओं को नजरअंदाज करते हुए मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति की है, उसी का परिणाम है कि जिसने 500 वर्षों तक पीढ़ियों के संघर्ष के बाद बने प्रभु श्रीराम मंदिर के उद्घाटन समारोह एवं मन्दिर से कांग्रेस दूरी बनाये रखी है। जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के निर्णय का भी विरोध किया है, जबकि अब वहां आतंकवाद खत्म होकर शांति, अमन एवं विकास की गंगा प्रवहमान है। जनता ही नहीं, कांग्रेस के नेता भी कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की इन विसंगतियों एवं विडम्बनाओं को समझ रहे हैं और पार्टी से पलायन कर रहे हैं। मुगलों व अंग्रेजों की भाषा बोल रहे व हिंदू जनमानस व हिंदू संस्कृति के विरुद्ध जहर उगल रहे राहुल गांधी को पिछले दो लोकसभा चुनाव की तरह आगामी लोकसभा चुनाव में जनता क्या जबाव देती, यह भविष्य के गर्भ में हैं।

## नजरिया

# राधिका खेड़ा का अपमान और कांग्रेस की राम विरोधी राजनीति

आचार्य विष्णु हरि

मोबाइल : 9315206123



सनातन विरोध की परिधि में कांग्रेस के अंदर अपमानित होने वाली राधिका खेड़ा अकेली नहीं है, शाब्दिक छेड़खानी की शिकार होकर कांग्रेस से इस्तीफा देने वाली भी राधिका अकेली नहीं है। याद कीजिये प्रियंका दुबे को। राधिका की तरह प्रियंका दुबे भी कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता थी। उत्तर प्रदेश के मथुरा में कांग्रेसियों ने प्रियंका दुबे के साथ शारीरिक छेड़खानी हुई थी, शिकायत के बावजूद भी छेडखानी करने वाले कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को सजा नहीं मिली। प्रियंका दुबे ने कांग्रेस छोड़ी थी। अभी प्रियंका दुबे शिवसेना की नेता हैं। आचार्य प्रमोद कृष्णन ने सनातन विरोधी राजनीति की बढ़ती करतूत के विरोध में बयानबाजी कर कांग्रेस छोड़ी थी। इसी कड़ी में तत्कालीन कांग्रेस प्रवक्ता रोहन गुप्ता और अन्यों का नाम भी शामिल है।

राधिका खेड़ा कांग्रेस की कोई साधारण कार्यकर्ता नहीं थी, वह तो कांग्रेस की शीर्ष नेता रही है, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की रणनीतिक टीम में शामिल थी, साथ ही साथ कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता थी, सिर्फ इतना ही नहीं बल्कि उसने अपने जीवन का कोई एक-दो साल नहीं बल्कि पूरे 22 साल कांग्रेस को दिया था, यानी की अपने जीवन की एक चैथाई हिस्सा कांग्रेस के लिए बलिदान कर दिया था। इतने बड़े, समर्पित और अनुभवी नेता के साथ धर्म पर आधारित अपमान और पीडा के साथ ही साथ लगातार फब्तियां और शाब्दिक छेड़खानियों का शिकार बना कर रखना बहुत ही पीडा दायक, निंदनीय और अमानवीय है। कई प्रश्न खडे हो जाते हैं। सबसे बडा प्रश्न धार्मिक आजादी का है। किसी महिला या अन्य लैंगिक व्यक्ति की धार्मिक आजादी कोई पार्टी तय नहीं कर सकती है, धार्मिक आजादी को कोई पार्टी अपनी नीति और कार्यक्रम की परिधि में कैद नहीं कर सकती है। फिर राधिका खेड़ा की धार्मिक आजादी को कैद करने का अधिकार कांग्रेस के नेताओं को कैसे हो सकता है? राधिका खेड़ा ही क्यों बल्कि हर संवेदनशील व्यक्ति अपनी इच्छा के अनुसार किसी धर्म को मान सकता है, उस धर्म के प्रतीकों के प्रति प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सम्मान दर्शा सकता है। यही काम राधिका खेड़ा ने किया था। पर कांग्रेस के भगवान राम विरोधी और सनातन विरोधी नेताओं को यह स्वीकार नहीं हुआ और वे राधिका खेड़ा का मजाक उड़ाते रहे और पार्टी कार्यालयों से गेट आउट कह कर भगाया जाने लगा। यह प्रक्रिया लगातार जारी रही। आखिर धीरज का बांध तो टूटना ही था। जब राधिका खेड़ा के धीरज का बांध टूटा तब कांग्रेस न केवल बेपर्द हो गयी बल्कि यह भी प्रमाणित हो गया कि कांग्रेस अभी भी नहीं चैती है और उसकी घृणा वैसी ही जारी है जैसी कि यूपीए वन और यूपीए टू के दौर में हुआ करती थी। पर ऐसी घटनाओं को लेकर कांग्रेस पार्टी के अंदर न्याय की उम्मीद थी। सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे की चुप्पी तक नहीं टूटी है। लडकी हूं, लड़ सकती हूं, कहने वाली प्रियंका गांधी की भी खामोशी बहुत कुछ कहती है।

अब हम यहां विचार करते हैं कि राधिका खेड़ा का अपराध क्या था? उसका अपराध सिर्फ इतना भर ही था कि उसनें भगवान राम के प्रति आस्था दिखायी थी, सम्मान दिखाया था और दर्शन की थी। राधिका भगवान राम के दर्शन के लिए अयोध्या गयी थी। भगवान राम के दर्शन के बाद राधिका ने गर्व की अनुभूति की थी और कहा था कि दर्शन मात्र से उनकी जिंदगी धन्य हो गयी है, मानवीय संवेदनाएं उनके अंदर समृद्ध हुई हैं, क्योंकि भगवान राम मानवीय संवेदना के प्रतीक है, अनुकरणीय है। भगवान राम के प्रति राधिका की यह अनुभूति सोशल मीडिया पर खूब चर्चित हुई थी और सनातन विरोधियों ने इसकी खूब आलोचना की थी। खासकर जिहादियों ने सोशल मीडिया पर राधिका के प्रति खूब शाब्दिक अपमान किये थे और उन्हें दंगाई की पदवि भी दिया गया था। इतना ही नहीं बल्कि राधिका को मुस्लिम विरोधी भी साबित करने की कोशिश की गयी थी। लेकिन राधिका ने स्वयं को सिर्फ भगवान राम के दर्शन की परिधि में ही रखा था। राधिका का एक भी ऐसा बयान नहीं है, राधिका का एक भी ऐसा काम नहीं है, राधिका की एक भी ऐसी सक्रियता नहीं है जिससे यह लगे कि वह मुस्लिम विरोधी हैं या फिर दंगाई है। कांग्रेस में रहते हुए राधिका ने हमेशा कांग्रेस की कथित धर्मनिरपेक्षता का पालन किया था और भाजपा की तथ्यपरख आलोचना करने से भी कभी भी पीछे नहीं रही थी। सबसे बडी बात यह भी है कि कांग्रेस ने ऐसी कोई लक्ष्मण रेखा भी नहीं खींची थी कि राधिका खेडी जैसी कोई कांग्रेसी हस्तियां अयोध्या में भगवान राम का दर्शन करने न जायें?

वास्तव में कांग्रेस की हिडेन एजेंडा दोषी है। कांग्रेस का हिडेन एजेंडा क्या है? कांग्रेस का हिडेन एजेंडा हिन्दुत्व विरोध है, भगवान राम के प्रति अपमान और घृणा प्रदर्शित करना है। विश्व हिन्दू परिषद ने कांग्रेस के इतिहास को देखते हुए भी भगवान राम की मूर्ति स्थापना के समय कांग्रेस को आमंत्रित किया था, सोनिया गांधी और राहुल गांधी, प्रियंका गांधी ही नहीं बल्कि कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे को भी आमंत्रण भेजा था। लेकिन कांग्रेस ने राममंदिर मूर्ति स्थापना समारोह में जाने से इनकार कर दिया था। एक तरह से कांग्रेस का यह बहिष्कार ही था। कांग्रेस का कहना था कि इसका श्रेय नरेन्द्र मोदी और संघ के लोग क्यों ले रहे हैं, संघ और मोदी ने भगवान राम का चुनावी हथकंडा बना दिया। कांग्रेस की यह अवधारणा काफी घृणित थी और भगवान राम के प्रति अनादर भी था। संघ और मोदी को श्रेय तो जाता ही है। मोदी और संघ का राममंदिर आंदोलन कौन नहीं जानता है? कांग्रेस तो राममंदिर के विरोध में खड़ी थी। राममंदिर पर फैसला नहीं आये इसके लिए कांग्रेस ने कपिल सिब्बल सहित दर्जनों वकीलों को अप्रत्यक्ष तौर खडी कर रखी थी। कांग्रेस के बहिष्कार के बावजूद श्रीराम मंदिर की मूर्ति स्थापना शानदार और जींवत रूप से साकार हुआ, भगवान राम की मूर्ति स्थापना की परिधि में भारतीय संस्कृति और अध्यात्म का डंका पूरे विश्व में बजा। दुनिया से करोडों लोग भगवान राम के दर्शन के लिए अयोध्या पहुंच रहे हैं। राधिका खेड़ा भी इसी परिधि में भगवान राम के दर्शन के लिए अयोध्या गयी थी।

राधिका के अपमान में कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व दोषी है क्या? यह कहना मुश्किल है कि राधिका के अपमान में कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व दोषी है। सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, राहुल गांधी या फिर मल्लिकार्जुन खरगे की कोई प्रत्यक्ष भूमिका शायद न हों। पर इस बात को हम इनकार नहीं कर सकते हैं कि केन्द्रीय नेतृत्व की उदासीनता और अप्रत्यक्ष समर्थन के बिना कांग्रेस के नेता इतने घृणित कार्य कैसे कर सकते हैं, इतने अमानवीय कार्य कैसे कर सकते हैं, एक संवेदनशील महिला को इस तरह से लगातार कैसे अपमानित कर सकते हैं? कांग्रेस के अंदर में सनातन विरोधी धाराएं बहती ही रहती है, कांग्रेस के उपर अभी कांग्रेस विरोधी शक्तियों का कब्जा हो गया है। ये शक्तियां मजहबी हैं और वामपंथी हैं। मजहबी और वामपंथी शक्तियां कांग्रेस की जडों में मट्ठा डाल रही हैं, कांग्रेस को बेमौत मरने के लिए गड्ढे खोद रही है। यही कारण है कि सनातन के पक्ष में बोलने से रोका जाता है, सनातन का पक्ष लेने पर दंगाई कह कर अपमानित किया जाता है। कभी कांग्रेस के लिए फायर ब्रॉड और हाई ब्रिड धार्मिक नेता आचार्य प्रमोद कृष्णन ने साफतौर पर कहा था कि कांग्रेस पर मुस्लिम समर्थकों और कम्युनिस्टों का कब्जा हो गया है ये कांग्रेस को सनातन से दूर ले जा रहे हैं। उन्हें भी कांग्रेस से बाहर जाने के लिए बाध्य किया गया। रोहन गुप्ता को भी इतना प्रताडित किया गया वह लोकसभा चुनाव का टिकट मिलने के बाद भी चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया और साफतौर पर बयान दिया कि वे सनातन विरोधी राजनीति के लिए कांग्रेस का हथकंडा नहीं बन सकते है। किसी भी परिस्थिति में राधिका को अपमान का शिकार बनाने वाले कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और नेताओं को संरक्षण नहीं दिया जाना चाहिए, ऐसे वर्ग के घृणित नेताओं को कांग्रेस अगर बाहर करती तो अच्छा था।

## महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# करण जौहर ने नकल पर जताई नाराजगी, केतन सिंह ने मांगी माफी




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। फिल्म निर्माता करण जौहर ने एक रियलिटी शो में उनकी मिमिक्री (नकल करना) करने पर नाराजगी जताते हुए कहा है कि यह 'बहुत ही ज्यादा घटिया किस्म का था।

करण जौहर ने कहा है कि अपनी मां के साथ टेलीविजन देखते वक्त उनकी नजर एक क्लिप पर पड़ी। हालांकि करण ने यह नहीं बताया कि उनकी नकल करने वाला कलाकार कौन था, लेकिन हास्य कलाकार केतन सिंह ने तुरंत माफी मांगते हुए कहा कि उनका इरादा चोट पहुंचाने का नहीं था। रविवार को एक इंस्टाग्राम स्टोरी साझा करते हुए करण ने यह बात कही। इसमें उन्होंने फिल्म उद्योग में काम करने वाले सहयोगियों द्वारा अपमानित किए जाने से दुखी होने के बारे में लिखा। सोशल मीडिया पर अक्सर दुर्व्यवहार और ट्रोलिंग का शिकार होने वाले फिल्म निर्माता करण जौहर ने कहा, मैं अपनी मां के साथ बैठकर टेलीविजन देख रहा था...और मैंने एक प्रतिष्ठित चैनल पर एक रियलिटी कॉमेडी शो का प्रोमो देखा...एक कॉमिक (हास्य कलाकार) खराब तरीके से मेरी नकल उतार रहा था...मैं ट्रोल्स से यही उम्मीद करता हूं।

करण ने पोस्ट में आगे कहा, लेकिन जब आपके अपने क्षेत्र के लोग किसी ऐसे व्यक्ति का अपमान करते हैं जो 25 वर्षों से अधिक समय से इस व्यवसाय में है तो इससे पता चलता है कि आप कैसे वक्त में जी रहे हैं... इससे मुझे गुस्सा भी नहीं आता है, बल्कि मुझे दुख होता है! करण के नाराजगी जाहिर करने के बाद शाम को, हास्य-अभिनेता केतन सिंह ने माफी मांगते हुए कहा कि वह निर्देशक के बहुत बड़े प्रशंसक हैं। सिंह ने टाइम्स नाउ के शो मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे के प्रोमो का जिक्र करते हुए बताया, मैं करण सर से माफी मांगना चाहूंगा। मैंने वह सब नकल इसलिए उतारी क्योंकि मैं कॉफी शो में करण जौहर को बहुत देखता हूं। सिंह ने कहा कि अगर मेरी हरकत से उन्हें ठेस पहुंची है तो मैं उनसे माफी मांगना चाहूंगा। मेरा इरादा उन्हें ठेस पहुंचाना नहीं था। मैं सिर्फ दर्शकों का मनोरंजन करना चाहता था।

# श्रीलंका के पूर्वी प्रांत से भारत के खास रिश्ते

कोलंबो/भाषा। श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त संतोष झा ने भारत समर्थित परियोजनाओं की समीक्षा के लिए पूर्वी प्रांत के जिलों का दौरा करने के बाद कहा कि यह प्रांत भारत और द्वीपीय राष्ट्र के बीच संपर्क पहल में खास महत्व रखता है। एक अधिकारी ने बताया कि झा ने पिछले हफ्ते इन जिलों का दौरा किया था और बहु-क्षेत्रीय अनुदान सहायता पैकेज को रेखांकित किया जिसमें प्रांत में 33 विभिन्न परियोजनाएं शामिल हैं। उच्चायुक्त ने त्रिंकोमाली के व्यापक विकास में सहयोग करने के लिए दोनों सरकारों के बीच जारी चर्चा पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने प्रांत के लोगों के लिए भारत द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की और विभिन्न ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और वाणिज्यिक महत्व के स्थलों का दौरा किया।

## प्रचार



जनसंपर्क यात्रा के दौरान सोमवार को सिराज विधानसभा के खारसी, सलाहर, काण्ढ़ा, वगस्याड, थुनाग में चुनाव प्रचार करती भाजपा प्रत्याशी कंगना रानौत।

# भारतीय छात्र की ऑस्ट्रेलिया में हत्या : रिश्तेदार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चंडीगढ़/भाषा। ऑस्ट्रेलिया में एमटेक की पढ़ाई कर रहे 22 वर्षीय एक छात्र की कुछ भारतीय छात्रों के बीच हुई लड़ाई के दौरान कथित तौर पर चाकू से गोद कर हत्या कर दी गई। पीड़ित के एक परिजन ने सोमवार को यह जानकारी दी।

परिजन ने बताया कि एक अन्य छात्र भी इस घटना में घायल हुआ है जिसे शनिवार को स्थानीय समयानुसार रात नौ बजे मेलबर्न ले जाया गया।

पीड़ित नवजीत संधू के रिश्तेदार यशवीर ने बताया कि किराए को लेकर कुछ भारतीय छात्रों के बीच विवाद हो गया था और जब संधू ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो एक अन्य छात्र ने उस पर चाकू से हमला कर दिया।

सेना से इसी साल जुलाई में अवकाश प्राप्त कर रहे यशवीर ने बताया, नवजीत के दोस्त (अन्य भारतीय छात्र) ने उससे उसके घर साथ चलने को कहा ताकि उसका सामान ला सके क्योंकि उसके पास कार थी। जब उसका दोस्त भीतर गया तो नवजीत ने शोर-शराबा सुना और देखा कि धक्का मुक्की हो रही है। जब नवजीत ने बीच-बचाव करने कोशिश की तो एक छात्र ने उसके सीने में चाकू घोंप दिया। उन्होंने बताया कि नवजीत की तरह आरोपी भी हरियाणा के करनाल जिले का निवासी है।

यशवीर ने बताया कि परिवार को घटना की जानकारी रविवार तड़के मिली। उन्होंने बताया कि यशवीर का दोस्त भी घटना में घायल हुआ है।

यशवीर ने कहा कि उनका परिवार इस घटना से सदमे में है। उन्होंने बताया, नवनीत प्रतिभाशाली छात्र था और परिवार के साथ छुट्टियां बिताने जुलाई में आने वाला था। उन्होंने बताया कि नवजीत करीब डेढ़ साल पहले छात्र वीजा पर ऑस्ट्रेलिया गया था और उसके किसान पिता ने बेटे की पढ़ाई के लिए अपनी डेढ़ एकड़ जमीन बेच दी थी। उन्होंने कहा, हम भारत सरकार से गुहार लगाते हैं कि नवनीत का शव यथाशीघ्र वापस लाने में हमारी मदद करे।

# भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स तीसरी बार अंतरिक्ष की यात्रा करने को तैयार



वाशिंगटन/भाषा। भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स 58 साल की उम्र में मंगलवार को बतौर पायलट तीसरी बार अंतरिक्ष की उड़ान भरने के लिए तैयार हैं। वह बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान से उड़ान भरेंगी जिसे फ्लोरिडा में केप केनवेरल के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से छोड़ा जाएगा।

स्टारलाइनर विलियम्स और बुच विलमोर को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र लेकर जाएगा जो संकटग्रस्त बोइंग कार्यक्रम के लिए एक महत्वपूर्ण और बहु-प्रतीक्षित सफलता हो सकती है। अंतरिक्ष यान सोमवार को स्थानीय समयानुसार रात 10:34 बजे (मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय समयानुसार 8:04 बजे) रवाना होगा।

'ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन' (बीबीसी) ने विलियम्स के हवाले से कहा, हम सभी यहां हैं क्योंकि हम सभी तैयार हैं। हमारे दोस्तों और मित्रों ने इसके बारे में सुना है और हमने इसके बारे में बात की है और वे खुश तथा गौरवान्वित हैं कि हम इस प्रक्रिया का हिस्सा हैं।

अंतरिक्ष यान के विकास में कई झटकों के कारण इस अभियान में कई वर्षों की देरी हुई है। अगर यह कामयाब हो जाता है तो एलन मस्क की 'स्पेसएक्स' के साथ यह दूसरी निजी कंपनी बन जाएगी जो चालक दल को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र तक ले जाने और वापस लाने में सक्षम होगी। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के प्रशासक बिल नेल्सन ने 22 मार्च को एक संवाददाता सम्मेलन में स्टारलाइनर के आगामी अभियान के बारे में कहा था, इतिहास बनने जा रहा है। हम अंतरिक्ष अन्वेषण के स्वर्ण युग में हैं। नासा ने 1988 में सुनीता विलियम्स को अंतरिक्ष यात्री के तौर पर चुना था और उनके पास दो अंतरिक्ष अभियानों का अनुभव है। उन्होंने एक्स्पीडिशन 32 की फ्लाइट इंजीनियर और एक्स्पीडिशन 33 की कमांडर के तौर पर सेवा दी थी।

पहली अंतरिक्ष यात्रा एक्स्पीडिशन 14/15 के दौरान विलियम्स ने नौ दिसंबर 2006 को एसटीएस-116 के चालक दल के साथ उड़ान भरी थी और 11 दिसंबर 2006 को वह अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र पहुंचीं।



# मनोज बाजपेयी ने शुरू की 'द फैमिली मैन सीजन-3' की शूटिंग

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेता मनोज बाजपेयी की लोकप्रिय वेब सीरीज 'द फैमिली मैन सीजन-3' की शूटिंग शुरू हो चुकी है। उनके प्रशंसक इसे लेकर बहुत खुश हैं। 'द फैमिली मैन' हर कोई दीवाना है। इसके किरदार और इसकी कहानी से लेकर संवाद तक, सभी पसंद किए गए हैं। इसके दो सीजन आ चुके हैं।

और अब प्रशंसकों का तीसरे सीजन का भी इंतजार खत्म हो गया है। 'द फैमिली मैन सीजन-3 राज एंड डीके अपने बैनर डी2आर फिल्म्स के तहत बना रहे हैं। प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने वाली इस सीरीज का एलान सेट से किया गया है। अमेजन प्राइम ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर जो तस्वीर शेयर की है उसमें क्लैपबोर्ड की तस्वीर है। वहीं, अगले स्नैप में,मनोज बाजपेयी को राज और डीके के साथ पोज देते हुए देखा जा सकता हैं।

इसके रिलीज होने पर 240 से अधिक देशों में प्राइम सदस्यों के लिए उपलब्ध होगा। इस सीरीज में मनोज बाजपेयी एक बार फिर श्रीकांत तिवारी के किरदार में नजर आयेंगे। राज और डीके द्वारा निर्मित इस सीरीज में बाजपेयी ने एक मध्यमवर्गीय व्यक्ति और राष्ट्रीय ख़ुफ़िया विभाग के एक अधिकारी की भूमिका निभायी है। श्रीकांत आगामी सीजन में पारिवारिक जीवन को संतुलित करते हुये और अपनी पत्नी के साथ रिश्ते को सुधारने की कोशिश करते नज़र आयेंगे साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा में भी अपना किरदार निभायेंगे। साथ ही एक नए खतरे के साथ देश की रक्षा का काम तो उनके जिम्मे होगा ही। इस बार प्रियामणि (सुचित्रा तिवारी), शारिब हाशमी (जेके तलपड़े), अश्लेषा ठाकुर (धृति), वेदांत सिन्हा (अथर्व तिवारी) फिर से स्क्रीन पर नजर आएंगे।

अमेजन प्राइम वीडियो ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट साझा करते हुये लिखा, शूटिंग शुरू हो गयी है। पोस्ट में मनोज बाजपेयी सीरीज के निर्माताओं के साथ बैठे नजर आ रहे हैं। सीजन तीन में कई मूल कलाकारों की भी वापसी हुयी है, जिनमें प्रियामणि (सुचित्रा तिवारी), शारिब हाशमी (जेके तलपड़े), अश्लेषा ठाकुर (धृति तिवारी), वेदांत सिन्हा (अथर्व तिवारी) अपना किरदार निभाते नजर आयेंगे।

# 'टॉक्सिक' में काम करेंगी नयनतारा!

मुंबई/एजेन्सी



दक्षिण भारतीय फिल्मों की जानी-मानी अभिनेत्री नयनतारा, दक्षिण भारतीय स्टार यश की आने वाली फिल्म टॉक्सिक में काम करती नजर आ सकती है। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर,यश स्टारर फिल्म टॉक्सिक से कन्नड़ सिनेमा में डेब्यू करने वाली थीं, हालांकि बिजी शेड्यूल होने के चलते उन्होंने फिल्म छोड़ दी है।

कहा जा रहा है कि करीना की जगह मेकर्स नयनतारा को फिल्म में कास्ट करने वाले हैं।नयनतारा ने फिल्म टॉक्सिक करने में इंटरेस्ट दिखाया है। इस फिल्म में नयनतारा, यश की बहन का किरदार निभाती नजर आ सकती है। नयनतारा ने पिछले वर्ष शाहरूख खान की फिल्म जवान से बॉलीवुड में डेब्यू किया था, जिसके बाद से ही उनकी पैन इंडिया इमेज बन चुकी है।



# तमिल फिल्म 'बाइसन कालामादान' की शूटिंग शुरू

मुंबई/एजेन्सी

डायरेक्टर मारी सेल्वराज की अपकमिंग फिल्म 'बाइसन कालामादान' की शूटिंग शुरू हो गई है। सोशल मीडिया पर निर्माताओं ने पहला पोस्टर शेयर किया, जिसमें बैकग्राउंड में बाइसन की बड़ी सी मूर्ति है और आगे एक्टर ध्रुव विक्रम रनिंग पोजीशन में नजर आ रहे हैं। फिल्म एक योद्धा की कहानी है। पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, 'बाइसन' दहाड़ने के लिए तैयार है! अप्लॉज एंटरटेनमेंट और नीलम स्टूडियोज ने 'बाइसन कालामादान' के लिए हाथ मिलाया है। यह कुछ ऐसा है, जिसे आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। अविस्मरणीय सिनेमैटिक एक्सपीरियंस के लिए खुद को तैयार रखें!''

इस फिल्म से पहले प्रोड्यूसर पा रंजीत और मारी सेल्वराज 'पेरीयेरुम पेरुमल' में साथ में काम कर चुके हैं। फिल्म में अनुपमा परमेश्वरम, लाल, पसुपति, कलैयारासन, राजिशा विजयन, हरि कृष्णन, अजगम पेरुमल और अरूवी मधन भी हैं। फिल्म का म्यूजिक निवास के. प्रसन्ना द्वारा तैयार किया जाएगा। इनके अलावा, फोटोग्राफर एजिल अरासु के., एडिटर शक्तिकुमार, आर्ट डायरेक्टर कुमार गंगप्पन और कॉस्ट्यूम डिजाइनर एगन एकंबरम हैं।

# अलग-अलग तरह के रोल निभाने की कोशिश करती हूं : सोनाक्षी सिन्हा

मुंबई/एजेन्सी



एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा ने 2010 में अपने डेब्यू के बाद से ही कोशिश की है कि वह किसी खास तरह की भूमिका से बंधकर न रहें। उन्होंने कहा कि वह हमेशा अपने अंदर नयापन लाने की कोशिश करती हैं और उनका लक्ष्य ऐसी एक्टर बनना है जिसे फिल्म निर्माता किसी भी तरह की भूमिका देने से परहेज न करें। सोनाक्षी ने बताया, एक एक्टर का काम हमेशा अलग-अलग चीजें करना और जो भी करते हैं उसमें अपने अंदर नयापन लाते रहना है। मुझे लगता है कि मैं भी यही कर रही हूं। मैं अपनी पहली सोलो फिल्म 'अकीरा' के समय से ही ऐसा कर रही हूं और मैं हमेशा यही करने की कोशिश करती हूं। एक्ट्रेस ने बताया कि वह हमेशा ऐसे रोल करना चाहती हैं जो एक-दूसरे से अलग हो ताकि वह एक एक्टर के तौर पर अपनी रेंज दिखा सकें। उन्होंने कहा, मैं ऐसी एक्टर बनना चाहती हूं जिसे फिल्म निर्माता किसी भी तरह की भूमिका में कास्ट कर सकें। उस समय से, मेरी यही कोशिश रही है और मुझे लगता है कि मैं इस मामले में काफी अच्छा कर रही हूं। मैंने कई अलग-अलग तरह की भूमिकाएं की हैं। मैंने स्क्रीन पर कई दमदार महिला पात्रों को निभाया है, और मैं ऐसा करके काफी खुश हूं। एक्ट्रेस ने हिंदी सिनेमा में अपने 14 साल को अबतक का सबसे अच्छा सफर करार दिया। उन्होंने कहा, मैंने हर तरह के फिल्म निर्माताओं के साथ काम किया है।



# 'हाउसफुल 5' में हुई अभिषेक बच्चन की एंट्री

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड के जूनियर बी अभिषेक बच्चन की एंट्री हाउसफुल 5 में हो गयी है। अक्षय कुमार स्टारर फिल्म हाउसफुल 5 की चर्चा काफी समय से हो रही थी। हाउसफुल 5 को लेकर एक अपडेट सामने आया है। इस फिल्म में अभिषेक बच्चन की एंट्री हो गयी है। हाउसफुल के तीसरे पार्ट में भी अभिषेक नजर आए थे। निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, मैं अभिषेक को हाउसफुल फ्रेंचाइजी में वापस लाकर खुश हूं। उनका समर्पण, कॉमिक टाइमिंग और ईमानदारी ही हमारी फिल्म को ऊपर उठाएगी। वहीं अभिषेक बच्चन ने कहा कि, हाउसफुल मेरी पसंदीदा कॉमेडी फ्रेंचाइजी में से एक है और वापस आकर ऐसा लगता है जैसे मैं घर लौट रहा हूं। साजिद नाडियाडवाला के साथ काम करना हमेशा बहुत खुशी की बात रही है। मैं अपने साथी कलाकारों अक्षय और रितेश के साथ सेट पर जमकर मस्ती करने के लिए उत्सुक हूं। मैं अपने प्रिय मित्र तरूण मनसुखानी के साथ फिर से सहयोग करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मैं दोस्ताना के बाद दोबारा उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। यह बहुत मजेदार होने वाला है। बताया जा रहा है कि फिल्म हाउसफुल 5 ,06 जून 2025 को को सिनेमा घरों में रिलीज होगी।

# 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' की शूटिंग शुरू

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड सितारे वरुण धवन और जान्हवी कपूर ने अपनी आगामी फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' की शूटिंग शुरू कर दी है।

शनिवार को निर्देशक-निर्माता शशांक खेतान ने अपने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन में क्लैपबोर्ड की एक तस्वीर साझा की और अपने अनुयायियों को फिल्म की शूटिंग के बारे में सूचित किया। उन्होंने तस्वीर पर लिखा, पहला दिन, हार्दिक आभार। वरुण ने अपने निर्देशक द्वारा पोस्ट की गई तस्वीर को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर भी साझा किया।

यहां तक कि करण जौहर ने भी तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, 'तुम्हारे लिए सिर्फ प्यार, जाओ सबसे अच्छी फिल्म बनाओ''सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' सात साल बाद शशांक के साथ वरुण का तीसरा सहयोग है। यह उनकी पहली फिल्म 'धड़क' के बाद शशांक और जान्हवी के बीच दूसरे सहयोग का भी प्रतीक है।हीरू यश जौहर, करण जौहर, अपूर्व मेहता और शशांक खेतान द्वारा निर्मित इस फिल्म में रोहित सराफ, सान्या मल्होत्रा ङ्कङ्कऔर अक्षय ओबेरॉय भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' 18 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

स्थानीय ब्यावर संघ युवा शाखा द्वारा बीएसपीएल सीजन 2 'रेदासनी बॉक्स क्रिकेट कप' का आयोजन किया गया जिसमें मेहता 11 टीम चैम्पियन बनी। ब्यावर संघ युवा शाखा अध्यक्ष ललित डाकलिया ने बताया कि टूर्नामेंट में बारह टीमों के 120 खिलाड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।



# आरआर नगर एटीडीसी में आई-केयर क्लिनिक का शुभारम्भ

## तेरापंथ युवक परिषद ने शुरु की नई सेवा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ युवक परिषद राजराजेश्वरीनगर द्वारा संचालित आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर एवं डेंटल केयर(एटीडीसी) में रविवार को आई केयर क्लिनिक का शुभारंभ जैन संस्कार विधि से किया गया। संस्कारक राकेश दुधेड़िया एवं सहसंस्कारक डॉ आलोक छाजेड़ ने पूरे विधि विधान किया तथा अभातेयुप के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पवन मांडोत एवं पूर्व अध्यक्ष विमल कटारिया द्वारा उद्घाटन किया गया। इस मौके पर एटीडीसी में सहयोग देने वाले दानदाताओं का सम्मान तेरापंथ भवन में किया गया। श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन विमल कटारिया ने किया। आरआर नगर के तेयुप अध्यक्ष विकाश छाजेड़ ने सभी का स्वागत किया। एटीडीसी संयोजक नरेश बांठिया ने एटीडीसी की गतिविधियों की जानकारी दी एवं बताया कि आई केयर क्लीनिक में डॉ प्रकाश जैन अपनी टीम के साथ सेवाएं देंगे। विमल कटारिया ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आरआर नगर परिषद हमेशा से बड़े-बड़े काम करती आई है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पवन मांडोत ने आई क्लिनिक की शुरुआत करने पर परिषद को बधाई देते हुए कहा कि आज कल हम जिस प्रकार टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर रहे है हमें आई केयर की उतनी ही जरूरत है। ऐसे में आर आर नगर परिषद ने एटीडीसी में आई केयर क्लिनिक शुरु करके मानव सेवा का काम किया है।

डॉ प्रकाश ने कहा कि उन्हें यहां सेवा देकर बहुत गौरव की अनुभूति हो रही है। परिषद प्रभारी अमित दक एवं एटीडीसी राष्ट्रीय सह प्रभारी आलोक छाजेड़ ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर अभातेयुप सदस्य, संघीय परिषद के अध्यक्ष, मंत्री एवं पदाधिकारीगण, सभा अध्यक्ष छतरसिंह सेठिया, ट्रस्ट अध्यक्षमनोज डागा, महिला मंडल अध्यक्षा सुमन पटावरी, परिषद, किशोर मंडल के पदाधिकारीगण व अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मंत्री धर्मेश नाहर ने किया। सहमंत्री बरूण पटावरी ने धन्यवाद दिया।



# मिश्री शत्रुंजय यात्रा संघ में दिव्यांगजनों को कराई तीर्थयात्रा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के सिद्धार्थ सुंदेशमुथा परिवार के सौजन्य से मिश्री शत्रुंजय यात्रा संघ के अंतर्गत समाज के दिव्यांगजनों, आर्थिक रुप से कमजोरजनों, कैंसर जैसे असाध्य रोग से पीड़ितों को सम्मेत शिखर, पावापुरी, राजगीर, रंजु बालिका, क्षत्रिय कुंड, लछुपाड, कुंडलपुर आदि अनेक जैन महातीर्थों की सफल यात्रा करवाई। इस आठ दिवसीय यात्रा संघ के समापन पर रविवार को वीवी पुरम स्थित वृद्धाश्रम में अन्नदान किया गया। गौरव शर्मा ने बताया कि संघ ने जेपीनगर स्थित सूर्य मंदिर में दर्शन कर सरजापुर रोड़ स्थित माध्यम गौशाला में गौ माता की सेवा पूजा की। अंत मे रविवार शाम को सुशीलधाम में स्नेह मिलन का आयोजन कर वहां पूजा-अर्चना कर सभी का आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर कमलाबाई, चंद्रप्रकाश सुंदेशामुथा, ऋषभ जैन, तेजराज बोहरा, मुकेश गोगक, चेतन जैन, हितेश जैन, डॉ. हंसराज, ललित खांटेड, निर्मल कोठारी, महेंद्र जैन, धीरज सहित कई लोग उपस्थित थे।





# मेहता-11 टीम बनी 'रेदासनी बॉक्स क्रिकेट कप' चैम्पियन

## ब्यावर संघ युवा शाखा ने किया आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय ब्यावर संघ युवा शाखा द्वारा बीएसपीएल सीजन 2 'रेदासनी बॉक्स क्रिकेट कप' का आयोजन किया गया जिसमें मेहता 11 टीम चैम्पियन बनी। ब्यावर संघ युवा शाखा अध्यक्ष ललित डाकलिया ने बताया कि टूर्नामेंट में बारह टीमों के 120 खिलाड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अन्तिम फाइनल मुकाबले में मेहता इलेवन टीम ने बहुत ही रोमांचक मुकाबले में एजिंग एवेंजर्स को हराकर रेदासनी कप पर अपना कब्जा जमाया। खेल की शुरुआत में ब्यावर संघ के चेयरमैन अरविन्द खिंवसरा, अध्यक्ष और कैप स्पान्सर पदमचंद बोहरा, कोषाध्यक्ष दिनेश लोढ़ा, युवा अध्यक्ष ललित डाकलिया, उपाध्यक्ष विकास खटोड़, मंत्री कुलदीप छाजेड़, कोषाध्यक्ष नमित कोठारी, सहमंत्री नरेश बोहरा, सह कोषाध्यक्ष भरत कोठारी के साथ कप प्रायोजक चेतन रेदासनी, भोजन प्रायोजक जयप्रकाश मकाना, टी शर्ट प्रायोजक सज्जनराज कोठारी, टॉस का बॉस दिलीप मरलेचा आदि ने दीप प्रज्वलन कर खेल की शुरुआत की। खेल समिति के संयोजक यश रांका, अंजन मेहता और रोशन लोढा ने परमात्मा के चित्र पर माल्यार्पण किया और सभी खिलाड़ियों को खेल के रूल्स बताए।

नितेश बोहरा ने नवकार मंत्र द्वारा मंगलाचरण किया। बारह टीमों में चेतन रेदासनी और अमित डांगी की मां क्रियेशन्स, प्रदीप छाजेड़ की तनिष्कास तूफान, सज्जनसिंह खटोड़ की मणिधारी पैंथर्स, प्रवीण कक्कड़ की कक्कड़ वारियर्स, ललित बम्ब की एक्युरेट चैलेंजर्स, दिनेश लोढ़ा की मां ऊर्जा स्विंगर्स, शैलेंद्र डाकलिया की मयूर कंप्यूटर मार्वल्स, ताराचंद मेहता की मेहतास 11, रूपचंद कुमट और महावीर पगारिया की महावीर फार्मलेंड स्मैशर्स, भागचंद श्रीश्रीमाल की एजिंग अवेंजर्स, लोकेश पंकज सांखला की आईटी 360 हब, विजय सिंघवी की सिंघवी वॉरियर्स में जबर्दस्त मुकाबला हुआ। सभी टीम मालिकों को ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में तकनीकी सहयोग में मयंक मेहता, महावीर गुगलिया, कुनाल मरलेचा और भरत कोठारी का श्रम रहा। अल्केश हिंगड़, मनीष बाफना और लकी बोहरा ने भोजन व्यवस्था संभाली।

युवा शाखा कार्यकारिणी ने व्यवस्थाओं में सहयोग दिया। सभी उन्नीस मैचों में से मैन ऑफ दि मैच खिलाड़ी का चयन किया गया और उन्हें ट्राफियां प्रदान की गई। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और सर्वश्रेष्ठ बॉलर एजिंग एवेंजर्स के राहुल जैन, सर्वश्रेष्ठ बैट्समैन मेहता इलेवन के जिनेन्द्र जैन रहे। खेल के अन्त में मंत्री कुलदीप छाजेड़ और खेल संयोजकों ने सभी को धन्यवाद दिया।



# प्रवासी सैन समाज ने मनाई सैन जयंती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय प्रवासी सैन समाज व शक्ति फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वावधान में कुलवंशज सैनजी महाराज की 724वीं जयंती बानसवाड़ी स्थित सीताराम कल्याण मंडप में रविवार को बड़ी ही धूमधाम से मनाई। सर्वप्रथम सैन समाज के बंधुओं सैनजी महाराज का पूजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सवितानंद नाथ स्वामीजी महाराज, इस्कान मंदिर के कृष्णदासा प्रभुजी ने अपने विचार प्रकट किये। इस अवसर पर पंडित शम्भू दयाल पारीक द्वारा सेनजी महाराज का चरित्र वर्णन किया गया। कार्यक्रम में भारत के विभिन्न राज्यों से राजस्थान, यूपी, बिहार, आंध्रप्रदेश, मध्यप्रदेश आदि प्रांतों से सैन बंधुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के शुभारंभ में विष्णु तेनगुरिया, ओमप्रकाश सैन, सोहनलाल परिहार, रमेश पंवार, राजेंद्र मारू, आशीष सेन, मनोज खटोड़, मोंटू सैन, हनुमान सैन, राम वर्मा, नवरतन गेहलोत, ललित निर्बान आदि सदस्यों ने भाग लिया।



# स्वास्थ्य व पर्यावरण जागरुकता को लेकर आयोजित हुआ कार्यक्रम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय विजय संभव फाउंडेशन और कावेरी अस्पताल ने मिलकर स्वास्थ्य और हरित पहल सम्मेलन का आयोजन किया। सार्वजनिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस पहल की शुरूआत कावेरी हॉस्पिटल के मेडिकल निदेशक डा. महेंद्र ने की।। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए डा रघु नागराज ने घुटना प्रत्यारोपण के बारे में, डा दीपक गंगा ने फेटी लीवर रोग व निवारण पर प्रकाश डाला।

इस सम्मेलन में पर्यावरण को बचाने के लिए ग्रीन इनिसिएटिव को आगे बढ़ाते हुए फाउंडेशन के ब्रांड एंबेसडर मनोज चोपड़ा ने बाहुबल का प्रदर्शन किया।इसी क्रम में फाउंडेशन के चेयरमैन रवि राजहंस की ओर से सूती कपड़ों से बने ईको फ्रेंडली बैग उपस्थित लोगों को उपलब्ध कराते हुए उन सभी को संकल्प दिलाया कि हम सभी घरेलू सामग्री खरीद में प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे। इस बहुआयामी कार्यक्रम में कावेरी हॉस्पिटल मैनेजमेंट ने फाउंडेशन फाउंडर निदेशक डा. विजयकुमार रंजन व फाउंडेशन के कानूनी सलाहकार सोनल कीर्ति का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में फाउंडेशन व अस्पताल के पदाधिकारियों व सदस्यों ने भाग लिया। इस स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम में करीब 100 से अधिक लोग उपस्थित थे।

# ग्रीनवुड हाईस्कूल के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन





दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के ग्रीनवुड हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन(आईसीएसई)दसवीं व इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट (आईएससी) (ISC) बारहवीं कक्षा का परिणाम उत्कृष्ट रहा। कुल मिलाकर 236 विद्यार्थी आईसीएसई के लिए उपस्थित हुए और 143 विद्यार्थी ने आईएससी की परीक्षा दी।आईसीएसई में स्कूल की टॉपर एड्रिता त्रिपाठी ने 99.80% अंक हासिल किए। आईसीएसई में 194 विद्यार्थियों ने 90% और उससे अधिक अंक प्राप्त किए। स्कूल की ट्रस्टी नीरू अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए सभी को बधाई दी।



# राजाजीनगर तेरापंथ भवन में कॉन्फिडेंट पब्लिक स्पीकिंग कार्यशाला हुई शुरु

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के तत्वावधान में तेरापंथ युवक परिषद राजाजीनगर द्वारा कॉन्फिडेंट पब्लिक स्पीकिंग की सप्त दिवसीय कार्यशाला सोमवार को प्रातः तेरापंथ भवन में प्रारंभ हुई। तेयुप अध्यक्ष कमलेश गन्ना ने प्रशिक्षक धर्मेश कोठारी एवं सीपीएस प्रोविजनल ट्रेनर व प्रतिभागियों का स्वागत किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में धर्मेश कोठारी ने कार्यशाला के प्रथम दिन सभी प्रतिभागियों का एक दूसरे का परिचय करवाया। उन्होंने कहा कि एक अच्छे वक्ता के लिए उसके परिधान का महत्व, खड़े रहने का तरीका, बात करने की कला और लोगों को अपने वक्तव्य के प्रति आकर्षित करना अति महत्त्वपूर्ण है। प्रतिभागी को अपने अंदर छिपे भय को कैसे बाहर निकालना के बारे में विस्तार से समझाया। इस कार्यशाला में 33 प्रतिभागीयों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। इस अवसर पर परिषद परिवार से सीपीस कार्यशाला प्रभारी जयंतीलाल गांधी, संयोजक संजय मांडोत, जीतु मेहता सहित परिषद के सदस्य उपस्थित थे। मंच का संचालन तेयुप मंत्री कमलेश चौरड़िया ने किया।



# संतों की मित्रता सदैव श्रेष्ठ होती है : आचार्य प्रसन्नसागर

बेंगलूरु। मैसूरु से बेंगलूरु विहार करते हुए आचार्यश्री प्रसन्नसागरजी सोमवार को एसडीएम श्री धर्मस्थल मंजूनाथेश्वर आयुर्वेदिक हॉस्पिटल अंचेपाल्या पहुँचे। इस मौके पर सुरेन्द्र हेगड़े व अनीता हेगड़े ने संतों का स्वागत किया। इस अवसर पर आचार्यश्री प्रसन्नसागरजी ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वसंत आता है तो प्रकृति मुस्कुराती है और संत आते हैं तो संस्कृति मुस्कुराती है। सौ धनपतियों की तुलना में एक संत की मित्रता श्रेष्ठ है, क्योंकि धनपति पता नहीं कब तुम्हें धक्का मार दे और सड़क पर खड़ा कर दे पर संत तुम्हें परमात्मा से मिला सकते हैं। संत महात्माओं से प्रेम करने का अर्थ है कि संसार को समेटना।

शाम को आचार्य संघ राजाराजेश्वरी नगर स्थित जैन श्वेताम्बर तेरापंथ सभा भवन पहुँचे। तेरापंथ भवन में संतों की गुरुभक्ति व आरती की। संतगण मंगलवार को राजाराजेश्वरी नगर से विहार कर 8 वर्षों के पश्चात् केआर रोड स्थित कर्नाटक जैन भवन पहुँचेंगे।





# कर्नाटक स्वाध्याय संघ का बाल शिक्षण शिविर हुआ सम्पन्न

## हनुमंतनगर में भी सम्पन्न हुआ बाल शिविर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां कर्नाटक जैन स्वाध्याय संघ के तत्वावधान में आयोजित बाल शिक्षण संस्कार शिविर का रविवार को समापन हुआ। स्वाध्याय संघ द्वारा शहर के श्रीरामपुरम्, यशवंतपुर, विजयनगर, राजाजीनगर, जयनगर, शांतिनगर, मल्लेश्वरम्, त्यागराजनगर, शूले, पार्क वेस्ट, फ्रेजर टाउन, चामराजपेट, हनुमंतनगर, ईटा गार्डन, अलसूर, अक्कीपेट, शोभा इन्द्रप्रस्थ आदि 17 क्षेत्रों में एक साथ आयोजित शिविरों में 1000 से अधिक बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। साथ ही 110 अध्यापकों ने कड़ी मेहनत करके शिविर को सफल बनाया।

शिविर में सामायिक, प्रतिक्रमण, पच्चीस बोल एवं अन्य जानकारी में पांच अभिगम, तीन मनोरथ सिखाए गए साथ ही आनंद श्रावक, जयंती श्राविका के जीवन का परिचय कराया गया। साथ ही चारित्र आत्माओं के साथ वार्तालाप की विधि बताई गई। शिविर आयोजन में स्थानीय संघ तथा स्थानीय पाठशाला, महिला मंडल, युवक मंडल आदि सभी का पूर्ण सहयोग रहा। स्वाध्याय संघ द्वारा प्रतिदिन सभी क्षेत्रों में प्रभावना वितरित की गई। पूर्ण उपस्थिति वालों को विशेष पुरस्कार प्रदान किये गये। सेवा प्रदान करने वाले सभी अध्यापकों का सम्मान भी स्वाध्याय संघ द्वारा किया गया। स्वाध्याय संघ के वरिष्ठ स्वाध्यायी सदस्यों द्वारा प्रतिदिन अलग-अलग क्षेत्रों में दौरा करके निरीक्षण व्यवस्था भी की गई। बच्चों के अध्ययन एवं विकास का मूल्यांकन किया गया। बालकों के जीवन निर्माण हेतु विशेष प्रेरणा प्रदान की। अनेक बालिक-बालिकाओं ने शिविर के प्रति अपने विचार प्रस्तुत करते हुए शिविर की उपयोगिता का महत्व बताया।

वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ हनुमंतनगर में आयोजित धार्मिक बाल संस्कार एवम शिक्षा शिविर में 108 बच्चों ने भाग लिया। अध्यक्ष गौतमचंद सिंघवी ने सभी का स्वागत किया, मंत्री सुरेश धोका ने जानकारी दी। इस अवसर पर कर्नाटक स्वाध्याय संघ के मंत्री मीठालालजी पटवा, जसवंत छाजेड, मास्टर संजय कचोलिया, प्रभाबाई गुलेछा, युवा अध्यक्ष शीतल रांका, गुरुकुल चेयरमैन लतेश लोढ़ा, शिल्पा सुराणा ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष कल्याणसिंह, हुकमीचंद जैन, उपाध्यक्ष पारस दुग्गड, नेमीचंद दक, हुकमीचंद बाफना, सह मंत्री रोशन बाफना, कोषाध्यक्ष धनराज मुथा, ट्रस्ट मंत्री उत्तमचंद बोहरा, महिला मण्डल अध्यक्षा मंजू बालिया, मंजू भुरड़,किरण संचेती आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। संचालन किशोर बाफना ने किया।

# 'साधना करने वाले का जीवन हर पल सुखमय'



गोकाक। शहर के नेमिनाथ जैन श्वेताम्बर जैन संघ में आचार्य श्री महेन्द्रसागरसूरीजी का आगमन हुआ।संघ ने गुरुवर्यों का स्वागत सामैया के सात किया। संतों ने जिनालय में देव दर्शन किये। आयोजित प्रवचन में आचार्यश्री ने कहा कि जन्म उसका धन्य है, जीवन उसका धन्य है और मरण भी उसका धन्य है जिसने साधना से जीवन को सुवासित किया हो। जन्म दुःखमय है, मरण भी दुःखमय है। फिर भी कितने विरल व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जो दुःखमय मरण को भी समाधि द्वारा महोत्सव बना देते हैं। ऐसे व्यक्तित्व धन्यवाद के पात्र होते है।

# दीया कुमारी हिमाचल प्रदेश में करेंगी चुनाव प्रचार

जयपुर। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी दिल्ली एवं महाराष्ट्र के बाद अब मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के सिरमौर में लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगी।

श्रीमती दीया कुमारी मंगलवार को जयपुर से शिमला लोकसभा क्षेत्र के नाहन पहुंच कर भाजपा उम्मीदवार सुरेश कुमार कश्यप के पक्ष में जनता से मतदान की अपील करेंगी। इससे उन्होंने रविवार को पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी हर्ष मल्होत्रा के पक्ष में नारी सशक्तिकरण सम्मेलन को संबोधित किया।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com